प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

भाजपा के जाल में कुछ इस तरह से फंस गई "दीदी" पेज-2

आग लगा पुजारी ने दी जान पेज-8

वर्ष : 15 अंक : 134 मंगलवार 05 मई 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# राष्ट्रपति मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी ने दी उपराष्ट्रपति राधा कृष्णन को जन्मदिन की बधाई

## -सीएम योगी ने की दीर्घायु की कामना

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को सोमवार को उनके 69वें जन्मदिन पर बधाई दी। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की कामना करती हूं। मेरी कामना है कि वह इसी तरह राष्ट्र की सेवा करते रहें। तमिलनाडु के तिरुपुर में चार मई 1957 को जन्मे राधाकृष्णन ने पिछले साल 12 सितंबर को भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि वह एक विकसित भारत के निर्माण के साझा सपने को मजबूत



करने के लिए अनेक प्रयास कर रहे हैं। राधाकृष्णन ने 12 सितंबर 2025 को भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया था और वह सोमवार को 69 वर्ष के हो गए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, उपराष्ट्रपति थिरु सी. पी. राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वह एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे साझा सपने को मजबूत करने के लिए अनेक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी संसदीय कार्यवाही की कार्यकुशलता और प्रभावशीलता बढ़ाने के उनके निरंतर प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राधाकृष्णन का सर्वांगीण विकास के प्रति अटूट जुनून और निर्धन एवं हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए उनकी चिंता भी उतनी ही प्रेरणादायक है। मोदी ने कहा, श्सार्वजनिक क्षेत्र के लिए उनका जीवन समर्पण, अनुशासन और स्पष्ट उद्देश्य की भावना से प्रेरित है। मैं उनके हमेशा स्वस्थ रहने, सुखी रहने और लंबे समय तक राष्ट्र की सेवा करने की कामना करता हूं। उपराष्ट्रपति चुने जाने से पहले राधाकृष्णन ने एक वर्ष से कुछ अधिक समय तक महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में सेवाएं दी थीं। इससे पहले वह लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल रहे थे। उन्होंने कुछ समय के लिए तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा, श्माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! उन्होंने उपराष्ट्रपति के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर सफलता एवं ऊर्जा की कामना की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी उपराष्ट्रपति को जन्मदिन की बधाई दी।

# बांग्लादेश में खसरे का प्रकोपः 24 घंटों में 10 और बच्चों की गई जान, हालात बेकाबू

(एजेंसी) ढाका। बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप गंभीर रूप ले चुका है। पिछले 24 घंटों में 10 और बच्चों की मौत के बाद कुल मौतों का आंकड़ा बढ़कर 294 पहुंच गया है। इनमें 50 मौतें पुष्टि किए गए खसरे से जुड़ी हैं, जबकि 244 मामलों को संदिग्ध माना जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, देशभर में डमेसमे (खसरे) के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 5,313 पुष्ट मामले सामने आ चुके हैं, जबकि संदिग्ध मामलों की संख्या 40,000 से ज्यादा हो गई है। सिर्फ 24 घंटों में 95 नए पुष्ट और 1,166 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। राजधानी ढाका समेत कई इलाकों में मौतें दर्ज की गई हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में ढाका, बरिशाल, चटगांव, खुलना और सिलहट शामिल हैं। इन इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव है। सबसे चिंताजनक स्थिति दूरदराज के पहाड़ी इलाकों में है, खासकर बंदरबन जिले के अलीकदम क्षेत्र में। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण बच्चे जड़ी–बूटियों और पारंपरिक इलाज पर निर्भर हैं। पिछले कुछ दिनों में यहां 5 बच्चों की मौत हो चुकी है और कई अन्य संक्रमित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस महामारी की सबसे बड़ी वजह टीकाकरण प्रणाली का कमजोर होना है। 2024 के राजनीतिक संकट के बाद वैक्सीन की खरीद और वितरण व्यवस्था प्रभावित हुई, जिससे देशभर में टीकों की कमी हो गई और इम्यूनाइजेशन दर गिर गई। इसके अलावा, बच्चों में कुपोषण और कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली ने स्थिति को और खराब कर दिया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। ढाका स्थित महामारी विशेषज्ञों ने सरकार से अपील की है कि हालात की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित की जाए, ताकि तेजी से संसाधन जुटाकर इस संकट को नियंत्रित किया जा सके।

# ममता के घर के बाहर लगे जय श्री राम के नारे, बीजेपी कार्यकर्ताओं की जुटी भीड़

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में चुनावी नतीजों के बीच तनाव और बढ़ गया है। आज कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के समर्थकों का एक समूह अचानक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास के बाहर पहुंच गया। समर्थकों ने वहां जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के घर के बाहर जय श्रीराम के नारे लगाए। जिसके बाद पूरा इलाका नारों से गूंज उठा। जिस समय यह नारेबाजी हुई, उस समय मतगणना के शुरुआती रुझान सामने आ रहे थे। प्रदर्शनकारियों के अचानक पहुंचने से वहां तैनात पुलिस बल सतर्क हो गया और आनन–फानन में भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। वहीं मुख्यमंत्री आवास के आसपास पहले से ही सुरक्षा कड़ी थी, लेकिन इस घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस बल को बुला लिया गया है। इलाके में बैरिकेडिंग बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना या झड़प को रोका जा सके। बता दें कि चुनाव परिणाम के दिन इस तरह की नारेबाजी को राजनीतिक विश्लेषक शक्ति प्रदर्शन और मनोवैज्ञानिक दबाव



कोलकाता में ममता बनर्जी के घर के बाहर BJP कार्यकर्ता ने लगाए जय श्री राम के नारे

के रूप में देख रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है जबकि बीजेपी समर्थकों का कहना है कि वे अपनी खुशी जाहिर करने के लिए वहां पहुंचे थे।

# बिना बैंक से कर्ज लिए 4,200 करोड़ की गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना पूरी : सीएम योगी

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को भी अपने वित्तीय संसाधनों से पूरा करने की क्षमता रखता है। देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस–वे में शामिल करीब 600 किलोमीटर के गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज लिए पूरा किया गया। इसमें 36,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ। एक्सप्रेसवे के किनारे नौ इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए करीब 7,000 एकड़ अतिरिक्त जमीन ली गई है। इंडस्ट्रियल क्लस्टर व लॉजिस्टिक हब को मिलाकर पूरी परियोजना पर 42,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2017 से पहले यह स्थिति नहीं थी, प्रदेश को 'बीमारू' माना जाता था। कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान राज्य को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन, अब यूपी 'रेवेन्यू सरप्लस स्टेट' है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 371 लेखा परीक्षकों एवं स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 129 लेखा परीक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में यह बातें कहीं। अपने संबोधन से पहले सीएम ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमने सरकार बनाई, खजाना खाली था। हमें अपने चुनावी वादों को निभाना था, लेकिन किसी भी बैंक का चेयरमैन या सीएमडी मेरा फोन उठाने को तैयार नहीं था। यानी, यूपी को कर्जा नहीं देना है। ऐसी छवि बना दी गई थी हमारे प्रदेश की। तब उस कठिन दौर में हमने तय किया कि बैंकों या वित्तीय संस्थानों पर निर्भर रहने के बजाय हम अपने संसाधन बढ़ाएंगे, वित्तीय अनुशासन मजबूत करेंगे और बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण पेश करेंगे। हमने इसे साबित भी किया। यदि हमने भी वित्तीय प्रबंधन नहीं किया होता, ऊल–जुलूल खर्च होते, बिना बजट पैसा रेवड़ियों की तरह बांटा जाता और बिना वित्तीय अनुशासन अनावश्यक कर्ज लिया जाता, तो आज यूपी के लोगों पर कर्ज का भारी बोझ होता। वित्त विभाग की टीम, स्थानीय लेखा और पंचायत लेखा से जुड़े परीक्षकों ने एक आंतरिक इकाई के रूप में मिलकर काम किया और मजबूत वित्तीय ढांचा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। परिणाम यह रहा कि यूपी न सिर्फ रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय और प्रदेश के बजट को तीन गुना करने में सफलता मिली। इसीलिए गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिए तमाम बैंकों व वित्तीय संस्थानों ने लाइन लगाकर कहा कि हम पैसा देना चाहते हैं। लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया कि अब उत्तर प्रदेश बदल चुका है, वह अपने दम पर बड़ी परियोजनाएं पूरी करने में सक्षम है। हमें पिछली सरकारों द्वारा लिए गए कर्ज को कम करने में भी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की टॉप–3 अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है, जबकि पहले यह बॉटम–3 में शामिल था। अब हर निवेशक और वित्तीय संस्थान प्रदेश में निवेश करना चाहता है। सपा सरकार के दौरान 2017 से पहले लखनऊ में शुरू हुए जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) प्रोजेक्ट की लागत 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन खर्च बढ़कर 860 करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसके



बावजूद परियोजना अधूरी है। यह वित्तीय अनुशासनहीनता और कुप्रबंधन का गंभीर उदाहरण है। यह जनता के पैसे का दुरुपयोग है। यह एक महापुरुष के नाम को अपमानित करने जैसा है। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश को एक्साइज से मात्र 12 हजार करोड़ रुपये की आय होती थी, जो अब बढ़कर 62–63 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यह बढ़ोतरी लीकेज पर लगाम से हुई है। ये लीकेज तकनीकी खामियों से नहीं थे, बल्कि नेताओं और सरकारी तंत्र के कुछ लोगों द्वारा प्रदेश के राजस्व में डकैती डाली जा रही थी। जो पैसा विकास में लगना चाहिए था, वह दुरुपयोग और लूट का शिकार हो रहा था। लगभग हर क्षेत्र में यही स्थिति थी। सीएम ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने की पहली शर्त वित्तीय अनुशासन और प्रभावी प्रबंधन है। ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगरपालिका, नगर निगम, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत, ये सभी इकाइयां विकास की आधारशिला हैं। विकसित उत्तर प्रदेश का सपना साकार करना है, तो गांव और शहर दोनों स्तरों पर मजबूत वित्तीय ढांचा बनाना होगा। स्थानीय निकायों व पंचायतों को वित्तीय अनुशासन और प्रबंधन के गुण सिखाना बेहद जरूरी है। इंटरनल ऑडिट की भूमिका इस दिशा में अहम है। नवचयनित अभ्यर्थियों में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं है, जिसने किसी प्रकार की सिफारिश कराई हो। भर्ती प्रक्रिया इतने गोपनीय तरीके से संचालित की जाती है कि मुझे, वित्तमंत्री या अपर मुख्य सचिव (वित्त) को भी कोई जानकारी नहीं होती। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष इस कार्यक्रम में मौजूद हैं, लेकिन कोई नहीं जानता होगा कि उन्हीं के नेतृत्व में पूरी नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं से लेकर विभिन्न आयोगों तथा पुलिस भर्ती की परीक्षाओं में पेपर लीक आम बात थी। तब चाचा–भतीजा संस्कृति हावी थी और विभिन्न स्तरों से सिफारिशों की सूचियां आती थीं। जहां 50 पद होते थे, वहां 75 लोगों की भर्ती कर दी जाती थी, जिससे विवाद खड़े होते थे और मामले अदालत चले जाते थे। नुकसान युवाओं को उठाना पड़ता था। वर्तमान व्यवस्था में हर धर्म–जाति व क्षेत्र के योग्य उम्मीदवारों को समान अवसर मिला है। आज गोरखपुर का एक सिख युवक और लखनऊ की एक मुस्लिम युवती भी चयनित हुई है, जो प्रमाण है कि बिना किसी भेदभाव के योग्यता के आधार पर चयन किया गया। हमारी नीति अपराध और अपराधियों के साथ–साथ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति भी 'जीरो टॉलरेंस' की है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में आज बेटियों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। सहकारी समिति और पंचायती लेखा परीक्षा में चयनित 371 अभ्यर्थियों में 78 महिलाएं शामिल हैं, जबकि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा में चयनित 129 अभ्यर्थियों में 25 बेटियों ने स्थान प्राप्त किया है। निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण ही बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। अब तक प्रदेश में 9 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। लगातार नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं और पिछले एक महीने में यह चौथा या पांचवां ऐसा कार्यक्रम है। इन भर्तियों की पारदर्शिता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। हमारी सरकार की नीतियों से एमएसएमई सेक्टर में करीब 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। विभिन्न योजनाओं के जरिए युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। इनमें "ड्रोन दीदी", "लखपति दीदी", "बीसी सखी", दुग्ध उत्पादन, पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

# रुझानों में भाजपा की बढ़त पर बोलीं ममता बनर्जी

## -उम्मीदवार काउंटिंग सेंटर छोड़कर न जाएं, यह बीजेपी की चाल है

(एजेंसी) कोलकाता। भवानीपुर से टीएमसी उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, काउंटिंग एजेंट और उम्मीदवार काउंटिंग सेंटर छोड़कर



न जाएं। यह बीजेपी की चाल है, मैं कल से ही यह कह रही हूं कि वे पहले उन्हें ही आगे दिखाएंगे। उन्होंने कई जगहों पर काउंटिंग रोक दी है। कल्याणी में ऐसी मशीनें मिली हैं, जिनमें कोई मेल नहीं है, केंद्रीय बलों के जरिए हर तरफ से टीएमसी पर जुल्म किए जा रहे हैं। एसआईआर के जरिए उन्होंने वोट चुराने की कोशिश की, और अब भी हम 100 से ज्यादा सीटों पर आगे हैं, जिसकी रिपोर्ट नहीं की जा रही है। सब कुछ गलत रिपोर्ट किया जा रहा है। चुनाव आयोग पूरी तरह अपनी मनमर्जी से काम कर रहा है, और केंद्रीय बल भी उनके साथ हैं। पुलिस भी केंद्रीय बलों के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं से कहती हूं कि निराश होने की कोई जरूरत नहीं हैय सूरज डूबने के बाद आप ही जीतेंगे। 2–4 राउंड की काउंटिंग हो चुकी है, काउंटिंग 14–18 राउंड तक चलती है, और हम ही जीतेंगे। किसी को भी डरने की कोई जरूरत नहीं है।ष्आपको बता दे की ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार बीजेपी–183 और टीएमसी–91 सीटों पर आगे चल रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की मतगणना के रुझानों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 293 सीटों पर जारी गिनती के बीच ऐसे चार जिले सामने आए हैं, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का खाता तक नहीं खुलता दिख रहा है। जिन चार जिलों में टीएमसी का खाता तक खुलता नहीं दिख रहे हैं, उसमें उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जबकि दक्षिण बंगाल के झारग्राम और पश्चिम बर्धमान शामिल हैं। झारग्राम जिले की चार विधानसभा सीटों पर सुबह 10.30 बजे तक के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। इन सीटों में नयाग्राम, गोपीबल्लवपुर, झारग्राम, और बिनपुर (एसटी) शामिल हैं। झारग्राम इलाका आदिवासी बहुल जंगलमहल क्षेत्र का हिस्सा है, जो कभी माकपा का गढ़ रहा, लेकिन 2011 के बाद यह तृणमूल कांग्रेस का मजबूत आधार बन गया था। लेफ्ट फ्रंट के अंतिम वर्षों में यह इलाका माओवादी गतिविधियों के लिए भी जाना जाता था। अलीपुरद्वार जिले की पांच सीटों पर भी भाजपा बढ़त बनाए हुए है। इनमें कुमारग्राम (एसटी), कालचिनी (एसटी), अलीपुरद्वार, फलाकाटा (एससी) और मदारीहाट (एसटी) शामिल हैं। इसी तरह जलपाईगुड़ी जिले की सात सीटों पर भी भाजपा के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। इनमें धुपगुड़ी (एससी), मयनागुड़ी (एससी), जलपाईगुड़ी (एससी), राजगंज (एससी), डाबग्राम– फुलबाड़ी, माल (एसटी) और नागराकाटा (एसटी) शामिल हैं। जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार, पश्चिम बंगाल के तराई और डूअर्स क्षेत्र में आते हैं, जहां चाय बागानों में काम करने वाले आदिवासी और राजबंशी वोटर चुनावी नतीजों में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं पश्चिम बर्धमान जिले की सात सीटों (पांडाबेश्वर, दुर्गापुर पूर्व, दुर्गापुर पश्चिम, रानीगंज, जमुरिया, आसनसोल दक्षिण और आसनसोल उत्तर) पर भी भाजपा बढ़त बनाए हुए है। खास तौर पर आसनसोल दक्षिण सीट पर भाजपा की मौजूदा विधायक और फैशन डिजाइनर से नेता बनीं अग्निमित्रा पॉल लीड कर रही हैं। पश्चिम बर्धमान कोयला खनन और स्टील उद्योग के लिए जाना जाता है। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दावा किया था कि इस बार पश्चिम बंगाल में कई जिले ऐसे होंगे, जहां तृणमूल कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। शुरुआती रुझान इसी ओर इशारा करते नजर आ रहे हैं।

# पांच राज्यों के चुनावी नतीजों से पहले बाजार में बहारय सेंसेक्स 800 अंक उछला, निफ्टी 24240 के पार

(एजेंसी) नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में नरमी आने से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई। इस दौरान सेंसेक्स में 800 अंकों की तेजी आई और निफ्टी 24,240 के ऊपर पहुंच गया। बाजार की नजर सोमवार को आने वाले पांच राज्यों के विधानसभाचुनाव के नतीजों पर बनी हुई है। सुबह 9 बजकर 57 मिनट पर सेंसेक्स 803.35 (1.04:) अंकों की बढ़त के साथ 77,716.85 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 245.80 (1. 02:) अंकों की बढ़त के साथ 24,243.35 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 9 पैसे गिरकर 94.93 पर आ गया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में बीजेपी की जीत और केरल व तमिलनाडु में बेहतर प्रदर्शन से देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर आर्थिक गतिविधियों पर भी पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के पड़ोसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान और चीन से जुड़े सुरक्षा चुनौतियों के बीच यह राजनीतिक मजबूती आंतरिक स्थिरता को बेहतर कर सकती है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की जीत के बाद ऐसी गतिविधियों पर नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे कारोबार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि एग्जिट पोल भी इसी तरह के नतीजों की ओर इशारा कर रहे हैं, जिससे निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। इसी के चलते भारतीय शेयर बाजार में तेज उछाल देखने को मिल सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस तेजी के दौरान निफ्टी 50 सूचकांक 25,000 के स्तर तक पहुंच सकता है।

# सम्पादकीय

## 7 सर्कुलर रोड... नीतीश कुमार का नया पता

बिहार की राजनीति में बीते दिनों एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जब नीतीश कुमार पहली बार जेडीयू कार्यालय पहुंचे, तो वहां केंद्र बिंदु उनके बेटे निशांत कुमार रहे। भामा शाह जयंती के मौके पर जेडीयू दतर पहुंचे निशांत का जिस तरह से स्वागत हुआ, उसने राज्य के सियासी गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है। जेडीयू कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार का भव्य स्वागत किया और उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया। दतर के अंदर जय नीतीश के साथ–साथ जय निशांत और तय निशांत के नारे गूंज रहे थे। कार्यकर्ताओं का यह उत्साह साफ संकेत दे रहा है कि पार्टी के भीतर निशांत की सक्रियता को लेकर एक बड़ी सहमति बन रही है। खबर सिर्फ स्वागत तक सीमित नहीं है, पार्टी ने निशांत कुमार को लेकर खास सॉन्ग (गाने) भी तैयार किए हैं, जो आज दतर में सुनाई दिए। तो वहीं इसके इतर बिहार की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी और दिलचस्प खबर सामने आई है। लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अब अपना पुराना सरकारी आवास 1 अणे मार्ग छोड़कर 7 सर्कुलर रोड स्थित नए सरकारी बंगले में शिट होने जा रहे हैं। इस बदलाव को लेकर सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं और इसे राजनीतिक संकेतों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि बुद्ध पूर्णिमा के खास मौके पर नीतीश कुमार (छपजपी झनउंत) ने अपने नए आवास में पूजा–अर्चना की। इस दौरान उनके बेटे निशांत कुमार भी मौजूद रहे। पूजा के लिए विशेष रूप से बौद्ध भिक्षुओं को बुलाया गया था, जिससे इस आयोजन को धार्मिक और शांतिपूर्ण माहौल मिला। पूजा के बाद नीतीश कुमार वापस 1 अणे मार्ग लौट गए, लेकिन तय कार्यक्रम के अनुसार वे अगले दिन पूरी तरह से नए आवास में शिट हो जाएंगे। यहां यह बताते चलें कि सुबह से ही उनके सामान को 1 अणे मार्ग से 7 सर्कुलर रोड स्थित बंगले में शिट किया जा रहा था। पूरे बंगले को फूलों से सजाया गया था, जिससे माहौल बेहद खास और उत्सव जैसा दिख रहा था। नए घर में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दिलचस्प बात यह है कि 20 सालों के लंबे कार्यकाल के दौरान यह दूसरी बार है जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री आवास छोड़कर 7 सर्कुलर रोड के बंगले में जा रहे हैं। इससे पहले 2014 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था और जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय भी वे करीब 8 महीने तक इसी बंगले में रहे थे। 7 सर्कुलर रोड स्थित यह बंगला काफी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसे खास तकनीक से तैयार किया गया है, जिससे यह बड़े भूकंप के झटकों को भी सहन कर सकता है। इसके अलावा, बंगले के लॉन को खूबसूरत बनाने के लिए कोलकाता से खास घास मंगवाई गई है। अभी तक इस भवन का इस्तेमाल मुख्यमंत्री कार्यालय के रूप में किया जा रहा था। इस शिटिंग का एक और राजनीतिक पहलू भी है. नए घर में आने के बाद नीतीश कुमार अब राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पड़ोसी बन गए हैं। दोनों आवासों के बीच की दूरी महज 200 मीटर के आसपास है, जिससे आने वाले समय में राजनीतिक गतिविधियों पर सबकी नजरें रहेंगी। वहीं, नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार भी 7 सर्कुलर रोड स्थित बंगले पर पहुंचे और शिटिंग की तैयारियों का जायजा लिया. पूरे दिन बंगले में हलचल बनी रही और सुरक्षा के साथ–साथ प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज रहीं। कुल मिलाकर, नीतीश कुमार का यह पता बदलना सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नई स्थिति और संभावित समीकरणों का संकेत भी माना जा रहा है। आने वाले दिनों में इस बदलाव का क्या असर पड़ता है, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।



नफीस जाफरी

# भाजपा के जाल में कुछ इस तरह से फंस गई "दीदी"



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में पहली बार कमल खिलने के बाद भाजपा में जश्न का माहौल है। टीएमसी को हराकर प्रचंड जीत हासिल करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कमल खिल गया है। 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हमेशा याद रखे जाएंगे। जनता की शक्ति की जीत हुई है और भाजपा की सुशासन की राजनीति सफल रही है। मैं पश्चिम बंगाल के हर एक व्यक्ति के सामने नतमस्तक हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जनता ने भाजपा को एक शानदार जनादेश दिया है और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल की जनता के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। हम एक ऐसी सरकार देंगे जो समाज के सभी वर्गों को अवसर और सम्मान सुनिश्चित करेगी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में जहां दीदी की शर्मनाक हार हुई है तो वहीं भाजपा का कमल खिला है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर ऐसा हुआ कैसे? ये ठीक बात है कि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी पिछले 15 सालों में सत्ता में थी, मगर अंत तक मुकाबला कांटे का लग रहा था। तो फिर भाजपा ने वो कौन सी रणनीति अपनाई कि ममता के शासन का अंत हो गया? इस आलेख के माध्यम से डालते हैं उस पर एक नजरः– मालूम हो कि पश्चिम बंगाल के इस चुनाव में भाजपा ने सॉट हिंदुत्व को आगे किया। अनुराग ठाकुर और अन्य भाजपा नेता मछली खाते नजर आए। हिंदू मतदाता को पिछले पांच सालों से भाजपा पहले ही जगाने का या कहें कि अपने पक्ष में करने का काम कर चुकी थी। चुनाव के दौरान बस इसे धार दी गई, लेकिन बस इतना कि मामला हिंदू बनाम मुस्लिम ना लगे। इसके साथ बंगाली भद्रलोक (पढ़े–लिखे और प्रतिष्ठित लोग) को अपने पक्ष में करने का अभियान चलाया गया। संपर्क अभियान चलाए गए। सुवेंदु अधिकारी जैसे नेताओं ने हिंदू वोटों को एकजुट किया तो सामिक भट्टाचार्य जैसे नेताओं ने भद्रलोक मतदाताओं को लुभाया। लोगों को समझाया कि बंगाल के विकास के लिए सरकार में परिवर्तन होना जरूरी है। इससे बंगाल में परिवर्तन की बयार चल पड़ी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सभी भाजपा नेताओं ने लगातार ममता सरकार पर भ्रष्ट होने के आरोप लगाए। 15 सालों से सरकार में रही टीएमसी नेताओं पर कई केस पहले से ही चल रहे थे और कई योजनाओं में गड़बड़ियां भी सामने आ चुकी थीं। ऐसे में ममता सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से चस्पा हो गए। लोगों को लगने लगा कि अगर इस बार बदलाव नहीं किया गया तो उनकी जिंदगी पर बहुत असर पड़ेगा। चुनाव परिणाम वाले दिन भाजपा और टीएमसी के सीटों की संख्या इस बात का सुबूत दे रहे हैं। भाजपा ने इस चुनाव में किसी एक नेता को आगे नहीं किया। सुवेंदु अधिकारी से खुद मीडिया ने पूछा कि अगर भाजपा चुनाव जीत जाती है तो कौन मुख्यमंत्री बनेगा तो सुवेंदु ने साफ किया कि भाजपा सामुहिक नेतृत्व में बंगाल चुनाव



लड़ रही है। चेहरा सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं और सारी रणनीति खुद अमित शाह बना रहे हैं। सुवेंदु ने बताया कि वो भी वहीं जा रहे हैं, जहां पार्टी की ओर से कहा जा रहा है। अमित शाह ने अपने सबसे भरोसेमंद लोगों को बंगाल चुनाव लड़ाने के लिए भेजा था। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को बंगाल चुनाव का प्रभारी और सह प्रभारी त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देब को बनाया गया था। धर्मेंद्र प्रधान और सुनील बंसल को बूथ मैनेजमेंट, लो प्रोफाइल साइलेंट रणनीति, संगठन को चुस्त करने के काम में लगाया गया और ये रणनीति काम करती दिख रही है। वहीं दूसरी ओर 2021 बंगाल विधानसभा चुनाव से सबक लेते हुए भाजपा ने इस बार ममता बनर्जी पर डायरेक्ट अटैक नहीं किया। इस बार उनकी सरकार की खामियों पर ज्यादा बात की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के प्रत्येक नेता ने ये कोशिश की ममता बनर्जी को कम से कम टारगेट किया जा।इसके उल्टे ममता बनर्जी इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर डायरेक्ट अटैक करती दिखीं। यहां तक की प्रधानमंत्री मोदी के झालमूढ़ी खाने का भी अपनी रैली में मजाक उड़ाया। भाजपा ने इस चुनाव को विकास पर भी फोकस किया। ममता बनर्जी की चल रही योजनाओं और वादों को ध्यान में रखकर अपने वादे किए। साथ ही केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में भी बताया। ममता सरकार को केंद्र सरकार की योजनाएं लागू नहीं करने का दोषी ठहराया। भाजपा ने बताने की कोशिश की अगर डबल इंजन सरकार बनती है तो बंगाल के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार दोनों की योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से बजट देने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। ऐसा लगता है कि भाजपा का ये नुस्खा भी काम कर गया। राजनीति के जानकारों की माने तो टीएमसी भाजपा की इन रणनीतियों में अंत तक फंसती नजर आई और एक तरह से कहें कि भाजपा को कॉपी करती नजर आई। बंगाल चुनाव का असर बहुत बड़ा होने जा रहा है। कर्नाटक को छोड़ दें तो अब तक भाजपा हिंदी भाषी इलाकों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों पर ही कब्जा कर पाई थी। बंगाल चुनाव में मिली जीत भाजपा को अब पंजाब, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में ऑक्सीजन देगी। वहीं 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले बंगाल की जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को और ऊंचा करेगी।

# केरलम में हार के साथ ही वाम मुक्त हुआ भारत



फरीद वारसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केरल में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत के लिए प्रदेश के लोगों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उनका यह भरोसा यूडीएफ का मार्गदर्शन करेगा। मालूम हो कि केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने प्रचंड जीत हासिल की है। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "केरल के मेरे सभी भाइयों और बहनों, आपके विश्वास और आपके जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद। आपने हम पर जो भरोसा जताया है, वह यूडीएफ का मार्गदर्शन करेगा, हम आप में से प्रत्येक के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में कड़ी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा, "मुझे पूरी उम्मीद है कि आपके प्रति हमारी .तज्ञता अगले पांच सालों में हर दिन नजर आएगी, क्योंकि हम ईमानदारी और विनम्रता से अपने वादों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। अब बात वाम दलों की हार की तो मालूम हो कि भारत की राजनीति में कभी मजबूत पकड़ रखने वाली वामपंथी पार्टियां अब एक ऐसे मोड़ पर खड़ी हैं, जहां पहली बार 50 से ज्यादा सालों में उनके पास किसी भी राज्य की सत्ता नहीं है। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा जैसे प्रदेश गंवाने के बाद अब केरल में हार के साथ ही देश में लेट का आखिरी किला भी ढह गया। एक–एक कर राज्य हारने के बाद अब 2026 में आखिरकार वाम मुक्त भारत हो गया। साल 1996 में सीपीआई–एम के दिग्गज नेता ज्योति बसु, जो उस समय तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में करीब दो दशक पूरे कर चुके थे, देश के प्रधानमंत्री बनने तक के बेहद करीब पहुंच गए थे। यूनाइटेड फ्रंट सरकार के तहत उन्हें यह प्रस्ताव मिला था, लेकिन उनकी पार्टी के पोलित ब्यूरो ने इसे ठुकरा दिया। बाद में खुद ज्योति बसु ने इसे ऐतिहासिक भूल बताया था। साल 2008 तक वामपंथी दल राष्ट्रीय राजनीति में भी काफी प्रभावशाली थे। उस समय मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार (यूपीए) संसद में वाम दलों के समर्थन पर टिकी थी, लेकिन भारत–अमेरिका परमाणु समझौते के मुद्दे पर वाम दलों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिससे सरकार को विश्वास मत का सामना करना पड़ा। उस दौर में वामपंथी दल पश्चिम बंगाल, केरल और त्रिपुरा, तीन राज्यों में सत्ता में थे और लोकसभा में भी उनकी अच्छी–खासी मौजूदगी थी। अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है. पिछले कुछ सालों में मतदाताओं का झुकाव केंद्र–दक्षिणपंथी दलों की ओर बढ़ा है, जिससे वामपंथी दलों का प्रभाव लगातार घटता गया है। केरल में मौजूदा मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली लेट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के सत्ता से बाहर जाते ही करीब 1970 के बाद यह पहली बार है, जब देश के किसी भी राज्य में



वाम दलों की सरकार नहीं होगी। हालांकि भारत में वाम राजनीति का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। देश के पहले आम चुनाव (1951–52) में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी संसद में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनकर उभरी थी। इसके कुछ साल बाद 1957 में केरल में दुनिया की पहली लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई कम्युनिस्ट सरकार बनी, जो अपने आप में ऐतिहासिक घटना थी। 1970 के दशक के अंत में वाम दलों का स्वर्णकाल शुरू हुआ। 1977 में पश्चिम बंगाल में सीपीआई–एम के नेतृत्व में लेट फ्रंट ने सत्ता हासिल की और इसके बाद वहां सबसे लंबा लगातार शासन चला। ज्योति बसु ने 23 साल तक मुख्यमंत्री रहकर रिकॉर्ड बनाया और 2000 में उन्होंने बुद्धदेव भट्टाचार्य को जिम्मेदारी सौंपी। 2011 तक वाम दलों का बंगाल पर कब्जा बना रहा। त्रिपुरा भी वामपंथ का मजबूत गढ़ रहा। 1993 से लेकर कई चुनावों तक लेट फ्रंट ने लगातार जीत हासिल की। माणिक सरकार जैसे नेता करीब 20 साल तक मुख्यमंत्री रहे और स्थिर शासन का उदाहरण बने। पिछले एक दशक में वाम दलों का पतन तेजी से शुरू हुआ। 2011 में पश्चिम बंगाल में नंदीग्राम और सिंगूर जैसे मुद्दों पर जनता के असंतोष ने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के लिए रास्ता साफ कर दिया। इसके बाद वाम दलों की ताकत तेजी से घटती गई। इसके बाद वाम दलों की मौजूदगी मुख्य रूप से केरल तक सीमित रह गई। 2014 में केंद्र में भाजपा के उभार के बाद, 2018 में त्रिपुरा में भी वामपंथी किला ढह गया. 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 36 सीटें जीत लीं और वाम दलों की सीटें 50 से घटकर 16 रह गईं। केरल वाम दलों का आखिरी मजबूत गढ़ बचा। 2016 में पिनाराई विजयन के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में लौटा और 2021 में लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर परंपरा को तोड़ा। इससे वामपंथ को कुछ समय के लिए नई ऊर्जा मिली। अब केरल से आए नतीजों ने लेट की चिंता बढ़ा दी है। यहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने बड़ी जीत हासिल की है। ऐसे में ये वाम राजनीति के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है। पहली बार वाम दलों के पास किसी भी राज्य की सत्ता नहीं है।

## मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना चौबिया क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी साझा किए गए, जिसमें अंजान व्यक्ति को ओटीपी न बताने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और ऑनलाइन लेन–देन के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से अवगत कराया गया। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ सके।



## जमीनी विवाद में महिला व बेटियों से मारपीट

न्यूज वाणी ब्यूरो/एलाऊ। थाना क्षेत्र के गांव एलाऊ निवासी रामकांती पत्नी अशेष सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनके परिवार के ब्रजेश, किरन, घनश्याम और अभिषेक से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि 2 मई 2026 को उक्त लोग विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे, जिसका उन्होंने विरोध किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गुस्से में आकर रामकांती व उनकी बेटियों कल्पना और प्रियंका के साथ लाठी–डंडों से मारपीट की तथा गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि घटना की वीडियो भी उनके पास मौजूद है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष अवनीश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# निर्वाचन आयोग के बुनियादी उद्देश्य और जन अपेक्षाएं

नीतीश कुमार सिंह

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुड्डुचेरी के विधानसभा चुनावों के अंतर्गत पिछले माह संपन्न हुए मतदान के बाद उसके परिणाम सोमवार को घोषित हो रहे हैं। इस दौरान निर्वाचन आयोग विभिन्न कारणों से चर्चा के केंद्र में बना रहा। एक खालिस संवैधानिक निकाय निर्वाचन आयोग निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के साथ ही मतदाताओं से बिना किसी डर, भय और पक्षपात के उनके मताधिकार का प्रयोग कराता है। ऐसे में कई चुनावी राज्यों में बढ़े मत प्रतिशत सुरक्षित और हरेक समुदाय के मतदाताओं के जनतंत्र के प्रति विश्वास को जाहिर करता है। फिर भी कई सवाल इसके निर्माण काल से लेकर अब तक उठते रहे हैं। चुनाव–दर–चुनाव दुनिया की निगाहें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र– भारत पर हैं। इसके पीछे की ताकत यहां की जनता ही है, जो केंद्र और राज्यों में सरकारों के बनने का मार्ग प्रशस्त करती है। इनके साथ देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए एक शनिर्वाचन आयोगश पूरे समय काम करता है। आजादी के बाद से ही इस संवैधानिक संस्था को लेकर मंथन शुरू हो गया था। इसकी सबसे कड़ी कसौटी यह रही कि कार्यपालिका के किसी हस्तक्षेप के बिना यह संस्था काम करे और करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं की प्रतिनिधि संस्था साबित हो। देश में जब पहली बार साल 1949–1950 में निर्वाचन संबंधी नियमावली का निर्माण हो रहा था, तब निर्वाचन से संबंधित कई सवाल उठे थे। यद्यपि निर्वाचन आयोग स्वयं उस दौरान निर्माण प्रक्रिया से गुजर रहा था। मसौदा समिति और केंद्रीय सरकार के सामने एक मसला आया था। उसमें प्रमुख सवाल था कि उस दौरान कुछ प्रांतों में कार्यपालिका यानी सरकार ने कुछ लोगों को जिनका मूल वंश, भाषा और संस्कृति वहां के बहुसंख्यक लोगों से भिन्न है, उनको निर्वाचन नियमावली में स्थान नहीं दे रहे हैं। इस पर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान सभा में कहा था–मैं आशा करता हूं कि यह सभा समझती है कि मताधिकार ही जनतंत्र का आधार स्तंभ है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वयस्क मताधिकार के रूप में सर्वोच्च नामावली (मतदाता सूची) में स्थान दिया जा सकता है। यदि स्थानीय सरकार विद्वेष के कारण या किसी पदाधिकारी की सनक के कारण इस अधिकार से इन्हें वंचित करती है, तो लोकतंत्र के मूल पर ही आघात होगा।श इस तरह के सवाल आज भी उठते हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान सभा ने चुनावी प्रक्रिया में कार्यपालिका के हस्तक्षेप को लेकर पुरजोर परहेज किया। सभा के सदस्यों ने बार–बार जोर देकर अपने वक्तव्यों में कहा कि चुनाव आयोग कार्यपालिका से मुक्त एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त स्थायी होगा और उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा। साथ ही कार्यपालिका स्वेच्छा से मुख्य चुनाव आयुक्त के पद व प्रतिष्ठा को विघटित न कर सके, इसका भी पूरा ख्याल रखा गया। उन्हें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के बराबर दर्जा दिया गया। उस समय एक ही मुख्य चुनाव आयुक्त रखा गया था, लेकिन संशोधनों के बाद वर्तमान में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग कार्य करता है जिनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त होता है। वहीं संविधान की बहसों पर गौर करें तो पहले–पहल विचार आया था कि केंद्रीय विधान मंडल यानी संसद के लोकसभा और राज्यसभा सरीखी दोनों सभाओं के निर्वाचन के लिए एक आयोग हो और राज्य के लिए पृथक। इसे राज्यपाल या राज्य का प्रमुख नियुक्त करे। इस पर काफी बहस के बाद इस विचार को खारिज कर दिया गया। आगे चलकर संविधान सभा ने निर्वाचन के लिए एक ही आयोग बनाया और इसी विचार को आगे बढ़ाया गया। तय हुआ कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के अधीक्षण और नियंत्रण के साथ ही राज्यों के निर्वाचन आयोग कार्य करेंगे। इस बारे में के एम मुंशी का तर्क था कि, 1833 से 1935 तक के भारत सरकार अधिनियम के प्रावधान ने केंद्रीय सत्ता को मजबूती प्रदान की, जिसके कारण भारत एकजुट रहा। चुनाव आयोग भी एक केंद्रीय निकाय के तौर पर देश में कारगर साबित होगा।य उनका मानना था कि प्रांतीय स्तर पर विभिन्न विषयों के बीच केंद्रीय चुनाव आयोग की आवश्यकता है। गौरतलब है कि संविधान निर्माताओं ने संविधान सभा के बैठने के छह महीने के भीतर ही चुनाव और उससे संबंधित विषयों की चर्चा शुरू कर दी थी। निर्वाचन आयोग का विचार साल 1947 के शुरू में ही स्वीकार कर लिया गया था। उसी साल के जनवरी–फरवरी के महीने में तब तक देश के विभाजन का सवाल निश्चित नहीं हुआ था– मूल अधिकार समिति ने यह विचार रखा था और परामर्शदात्री समिति ने इसे स्वीकार किया था। इसी क्रम में 15 जून, 1949 को डॉ. आंबेडकर ने चुनाव आयोग से संबंधित एक प्रस्ताव रखा, जिसमें पांच प्रमुख बिंदु थे– मतदाता सूची, निर्वाचन आयोग का गठन, राज्यों में चुनाव आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तों की सेवा शर्त और निर्वाचन आयोग को कार्य निष्पादन के लिए कर्मचारी। जो आज भी चुनाव आयोग के मूल आधार हैं। यह मौलिक सोच धीरे–धीरे उपजी और संविधान की किताब में भाग–15 के अनुच्छेद 324 से लेकर 329 तक में दर्ज है। यह विचार कनाडा के 1920 के निर्वाचन अधिनियम से प्रेरित है। इस पर बहस और संशोधनों के बाद संविधान सभा के सदस्यों ने इसे स्वीकार किया था। इस बहस में प्रस्तावक आंबेडकर को करीब दो दर्जन बार विभिन्न सवालों के जवाब देने पड़े थे और उन्होंने लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात रखी थी। आजादी के बाद देश में चुनाव आयुक्तों की लंबी फेहरिस्त है। इसमें खास तौर पर 10वें मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आदर्श आचार संहिता, खर्च की सीमा, बूथ कैप्चरिंग, बाहुबल व भ्रष्टाचार आदि पर लगाम कसने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने संविधान के मूल विचारों से प्रेरित होकर इस संवैधानिक संस्था का इकबाल कायम किया था। ऐसे में चुनाव आयोग के नींव में पत्थर टटोलने भर की जरूरत है और बुलंद भारत की इमारत बनते देर नहीं लगेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और राजनीति शास्त्र के शिक्षक हैं)

हिन्दी दैनिक
न्यूज वाणी


# लेखपाल संघ शाखा का पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद महोबा का पंचम द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज उप जिलाधिकारी, तहसीलदार आदि एवं जनपद के समस्त लेखपालों ने प्रतिभाग किया। इस



अवसर पर उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत विचार–विमर्श किया। अपने उद्बोधन में डीएम ने लेखपालों की विभिन्न समस्याओं, कार्यगत चुनौतियों एवं समाधान से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजस्व कार्यों की गति और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है।

जिलाधिकारी ने संगठन द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर सकारात्मक रूप से विचार करते हुए आश्वस्त किया कि उचित स्तर पर सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने लेखपालों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्रीय कार्यों को पारदर्शिता, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा करें, जिससे आमजन को बेहतर सेवाएँ मिल सकें। अधिवेशन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएँ डीएम के समक्ष रखीं, जिन पर प्रशासनिक स्तर से आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर शिवभान जिलाध्यक्ष, लोकेन्द्र सिंह यादव जिलामंत्री समस्त लेखपाल व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# दो लोग 70 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी देश नेपाल के बांके नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और नेपालगंज पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दो लोगों को 70 ग्राम स्मैक के साथ गिरतार किया है। डीएसपी बांके के अनुसार सोमवार की सुबह नेपालगंज वार्ड



नंबर 5 फुलटेकरा जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान बाबागंज के रहने वाले 32 वर्षीय मोहम्मद हामिद और वहीं की रहने वाली 22 साल की सबीना देवी पथरकट को 68 ग्राम 810 मिलीग्राम स्मैक के साथ गिरतार किया गया।

जानकारी के मुताबिक दोनों लोगों की जामा तलाशी के दौरान मोहम्मद हामिद की काली पैंट की दाहिनी जेब से स्मैक दो मोबाइल फोन और इंडियन नंबर प्लेट यूपी–40बीएच/4708 वाली एक मोटरसाइकिल भी मिली। गिरतार किए गए दोनों लोगों को बांके डिस्ट्रिक्ट पुलिस ऑफिस की कस्टडी में रखा गया है और आगे की जांच चल रही है। शुरुआती जांच में पुलिस को शक है कि वे ऑर्गनाइज्ड ड्रग ट्रैफिकिंग में शामिल हो सकते हैं।

# आयुष आपके द्वार शिविर में 30 मरीजों का उपचार

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। स्टेशन बाजार क्षेत्र के करजही गांव के पंचायत भवन में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करजही और आसपास



के गांवों से पहुंचे 30 मरीजों को निःशुल्क परामर्श और आयुर्वेदिक औषधियों का लाभ मिला। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की और उन्हें आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेखर कुमार जायसवाल ने बदलती जीवनशैली से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताया। साथ ही लोगों को सही खान–पान, योग और बेहतर दिनचर्या अपनाने की सलाह दी गई। उक्त मौके पर ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार, क्रांति सिंह, खुशी और हरिश्चंद्र सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कैसरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नत्थनपुर गांव में जानवरों को बांधते समय आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुपनरायण पुत्र रामसुमिरन लगभग 52 वर्ष निवासी नत्थनपुर अपने जानवरों को खूंटे से बांध रहा था। उसी समय एकाएक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह वह ईंट भट्ठे से वापस आकर अपने जानवरों को खूंटे से बांधा रहा था कि अचानक एकाएक मौसम ने मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ बारिशों के झोंके एवं आकाशीय बिजली गिरने के कारण उपरोक्त युवक की मौत हो गई। मामले के संबंध में थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अत्यंत प्रशिक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस रवाना कर दिया गया है।

# दूसरी किस्त न मिलने से अधूरे पड़े आवास

## - विकलांग लाभार्थी की हुई मौत दूसरी किस्त का था इंतजार

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ, रायबरेली। दीन शाह गौरा में आपदा पीड़ित लाभार्थियों के लिए शासन द्वारा स्वी.त मुख्यमंत्री आवास की दूसरी किस्त ना मिलने से आवास अधूरे पड़े हैं लाभार्थी दूसरी किस्त के लिए कर्मचारियों के चक्कर काट रहे हैं बार–बार जियो टैगिंग का हवाला देकर लाभार्थियों से वसूली के भी आरोप लगे है। दीन शाह गौरा के गौरा हरदो गांव में विगत चार माह पूर्व आपदा पीड़ित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास स्वी.त किए गए तत्कालीन खंड विकास अधिकारी द्वारा जांच में पात्र पाए गए लाभार्थियों को आवास के लिए पहली किस्त भी अवमुक्त कर दी गई लेकिन दूसरी किस्त के लिए लाभार्थी अब चक्कर काट रहे हैं लाभार्थी मुन्नी देवी गुड्डी आरती रामकिशन सहित 12 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास स्वी.त किया गया था जिसमें से रामकिशन विकलांग है। दूसरी किस्त के लिए बार–बार अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे। विगत 10 दिन पूर्व रामकिशन की मौत भी हो गई अब उनकी बेसहारा पत्नी दूसरी किस्त के लिए भाग दौड़ कर रही है। प्रथम किस्त का काम पूरा होने के चार माह बाद भी लाभार्थियों को दूसरी किस्त नहीं मिल सकी है वही आरती पत्नी विनोद व रामकिशन की पत्नी का आरोप है कि बार–बार कर्मचारियों द्वारा द्वारा जियो टैगिंग की जा रही है जिओ ट्रैकिंग के नाम पर वसूली भी की गई हर बार उन्हें दूसरी किस्त मिलने का आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक किस्त नहीं मिली है उमस भरी गर्मी में अब लाभार्थी छत का इंतजार कर रहे हैं लेकिन उनका सपना नहीं पूरा हो सका किसी तरीके से गुजर बसर कर रहे हैं लाभार्थियों का कहना है कि बरसात के पूर्व यदि आवास का काम पूरा ना हुआ तो जीवन यापन मुश्किल हो जाएगा इस संबंध में पंचायत सचिव अनुराग यादव का कहना है कि जल्द ही जिओ ट्रैकिंग कर लाभार्थियों को दूसरी किस्त दिलाई जाएगी।

# 72 घटे बाद व्यक्तिका शव 300 फिट गहरी खदान से बरामद

## - एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम ने 72 घटे बाद रेस्क्यू कर निकाला बाहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। थाना कबरई के रमकुंडा पहाड़ में 29 अप्रैल को एक तीन सौ फिट गहरी पानी से



भरी खदान में एक व्यक्ति के गिर जाने के बाद एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू आपरेश चलाया और कड़ी मशक्त करते हुए 72 घंटे बाद शनिवार को शव बरामद करने में सफलता हासिल की है। शुरुआत में इस घटना को पारिवारिक कलह के चलते ग्रामीण के आत्महत्या किए जाने से जोड़ा जा रहा था, लेकिन मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर स्थिति को साफ कर दिया है। 29 अप्रैल को कस्बा कबरई के अंबेडकर नगर निवासी अशोक शर्मा (45) घर से निकला था और रमकुंडा पहाड़ की पानी से भरी तीन सौ फिट गहरी खदान पर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों ने घंटों तक ग्रामीण की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस को सूचना देने के बाद बचाव कार्य में देरी और ढिलाई को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर भारी नाराजगी व्यक्त की थी। ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन ने आखिरकार राज्य आपदा मोचन बल टीम को बुलाकर रेस्क्यू आपरेशन चलाया। पिछले तीन दिनों से एसडीआरएफ और प्रशासन की टीम इस चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थी। खदान की अत्यधिक गहराई और पानी के दबाव के कारण गोताखोरों को शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शुरुआती दौर में इस घटना को पारिवारिक कलह या आत्महत्या के प्रयास से जोड़कर देखा जा रहा था। हालांकि, मृतक के भाई धर्मेंद्र शर्मा ने कबरई थाने में प्रार्थना पत्र देकर स्थिति स्पष्ट की है। मृतक के भाई का कहना है कि अशोक शर्मा 29 अप्रैल को शौच के लिए रमकुंडा पहाड़ की तरफ गए थे। वहां अचानक पैर फिसलने के कारण वह अनियंत्रित होकर गहरी खदान में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। थाना पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो पाएगी। प्रार्थना पत्र के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तीन दिन तक मृतक के घर में गमगीन माहौल बना रहा, लेकिन शव मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

# जिले की वेदिका ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

## - किड्जी इंदिरा नगर ने मारी बाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। इसे साबित कर दिखाया है किडजी इंदिरा नगर की जूनियर केजी की छात्रा वेदिका ने। नन्हीं खिलाड़ी ने कानपुर में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता साई पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित हुई, जिसमें कानपुर, लखनऊ, बरेली समेत कई जिलों के सैकड़ों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच वेदिका ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और बेहतरीन तकनीक से सबको पीछे छोड़ दिया। जैसे ही वेदिका ने गोल्ड जीता, पूरा विद्यालय और परिवार खुशी से झूम उठा। सम्मान और शुभकामनाएं वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सुनील सक्सेना ने नन्हीं बच्ची वेदिका का तिलक कर मुंह मीठा कराया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं अभिभावक पंकज गुप्ता और आयुषी गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है। स्कूल प्रबंधन सौरभ चंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता और समस्त शिक्षिकाओं ने भी वेदिका को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार का कहना है कि वेदिका की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और खेलों के प्रति उनका उत्साह बढ़ाएगी।

# लाखों के अमृत सरोवर बने धूल के तालाब

## - प्यासे पशु-पक्षी और परेशान ग्रामीण

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांवों में लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवर आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। विजयीपुर विकासखंड क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर भीषण गर्मी शुरू होते ही पूरी तरह सूख गए हैं। हालत यह है कि जिन सरोवरों का उद्देश्य जल संरक्षण, भूजल स्तर सुधार और पशु–पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना था, वहां अब सिर्फ धूल उड़ रही है। भीषण तपिश के बीच जलीय जीव–जंतु तड़प रहे हैं तो वहीं पशु–पक्षियों के सामने पेयजल का संकट गहराता जा




रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद अमृत सरोवर सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। कई स्थानों पर सरोवरों में न पानी दिखाई दे रहा है और न ही रखरखाव की कोई व्यवस्था। सूखे पड़े सरोवरों में झाड़ियां उग आई हैं और तेज हवाओं के साथ धूल उड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में यदि समय रहते इन सरोवरों में पानी भराव और संरक्षण की व्यवस्था की जाती तो गांव के पशुओं, पक्षियों और जलीय जीवों को राहत मिल सकती थी। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लाखों रुपये की योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सूखे पड़े अमृत सरोवरों की तत्काल जांच कराकर उनमें पानी भराव की व्यवस्था कराई जाए, ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर सफल दिखाई दे सके और भीषण गर्मी में जीव–जंतुओं को राहत मिल सके।

# तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर भाजपा ने मनाई खुशी, दागे पटाके, खिलाई मिठाई

## - विजय जुलूस निकाल बैण्डबाजों की धुन पर थिरके भाजपाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। पश्चिम बंगाल, असम एवं पाण्डुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर भाजपा पदाधिकारियों व



कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई स जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से एक विजय जुलूस निकाला गया जिसमें बैण्डबाजों की धुन में थिराकते हुए बाबूलाल चौराहा पहुँचे जहाँ पटाके दागे व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी स इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत व पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के प्रति आम जनमानस के अपार समर्थन व आशीर्वाद का परिचायक है स यह जीत जनविश्वास की जीत है साथ ही विकास सुशासन और राष्ट्रहित की जीत है स राष्ट्रवाद के अमर पुरोधा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पश्चिम बंगाल में प्रथमबार भाजपा की सरकार बनी है जो कि कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है स कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मालती बासू, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता, विनोद जैन, संतू गुप्ता, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, राकेश वाल्मीकि, रंजना श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता रज्जन, संतोष राजपूत, वीरेंद्र सक्सेना, धीरेन्द्र सिंह धीरू, संतोष नायक, शिवपूजन गुप्ता, रमन सिंह, नीरज त्रिपाठी, अंकित बासू, राहुल सिंह, लखन कुशवाहा, इंद्रजीत राजपूत, दिनेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कनिष्ठ विश्लेषक औषधि पद पर हुआ चयन

## - मिहीपुरवा क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत नयापुरवा, मिहीपुरवा निवासी मोहम्मद शफीक पुत्र मोहम्मद रफीक ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। मोहम्मद शफीक का चयन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग में कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के पद पर हुआ है।

खास बात यह है कि उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चयन के उपरांत मोहम्मद शफीक को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। उनकी नियुक्ति लखनऊ में की गई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की खबर मिलते ही मिहीपुरवा क्षेत्र सहित पूरे तहसील क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने मोहम्मद शफीक की इस सफलता को मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम बताया। लोगों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने निरंतर परिश्रम कर यह मुकाम हासिल किया, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। क्षेत्रवासियों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मोहम्मद शफीक ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में प्रयास करने से लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा मिहीपुरवा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# स्मैक के साथ दो भारतीय गिरफ्तार

## – नारकोटिक्स व पुलिस की संयुक्त कार्यवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा बहराइच। पड़ोसी देश नेपाल के बांके जिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और नेपालगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को स्मैक के साथ गिरतार किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। डीएसपी बांके के अनुसार, सोमवार सुबह नेपालगंज के वार्ड नंबर–5 स्थित फुलटेकरा मार्ग पर चेकिंग के दौरान बाबागंज निवासी 32 वर्षीय मोहम्मद हामिद और 22 वर्षीय सबीना देवी पथरकट को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 68 ग्राम 810 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद हामिद की काली पैंट की दाहिनी जेब से स्मैक के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद हुए। इसके साथ ही भारतीय नंबर प्लेट यूपी 40 बीएच 4708 की एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को बांके जिला पुलिस कार्यालय की हिरासत में रखा गया है, जहां उनसे पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी संगठित ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# शराब की ओवर रेटिंग की शिकायत से नाराज दबंगों ने युवक को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो



महोबा। चरखारी ग्राम रिवई स्थित सरकारी शराब की दुकान के सेल्समेन द्वारा की जा रही ओवर रेटिंग की शिकायत आबकारी विभाग को करना युवक पर भारी पड़ गया शिकायत से नाराज सैल्समेन शिवम यादव ने अपने चचेरे भाई दाऊ यादव उर्फ अभिषेक ने युवक विक्रम सिंह को घर जाते समय परमेश्वरी दयाल साहू के मकान के सामने पहले से घात लगाकर लाठी डंडों व धारधार हथियार से ताबडतोड हमला कर लहुलुहान कर दिया एवं मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग गए। पीडित विक्रम ने थाना चरखारी में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की माँग की है। इस मामले में एसओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है जाँच के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

# ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र

## - पंचायत चंदौर में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर ग्राम पंचायत चंदौर में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप। बता दें कि पूरा मामला जिलाधिकारी कार्यालय



से सामने आया है। जहां पर सोमवार को ग्राम पंचायत चंदौर ब्लाक नरैनी के ग्रामीण लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और लिखित शिकायत पत्र जिलाधिकारी को दिया है। बता दें कि ग्राम पंचायत चंदौर में प्रधान ममता देवी और सचिव भवानी सिंह पर स्थानीय ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। फर्जी तरीके से लाखों रुपये का भुगतान, अधूरे कार्यों का भुगतान, फर्जी बिल और वाउचर, सरकारी धन का दुरुपयोग कथित भ्रष्टाचार के मामले प्रधान के भाई नीरज यादव के खाते में 5 लाख रुपये का फर्जी भुगतान, मुन्नी पत्नी रामदास के खाते में 5 लाख रुपये का फर्जी भुगतान, बृजेश के खाते में 5 लाख रुपये का फर्जी भुगतान, राजेश कुमार गर्ग के खाते में 1 लाख रुपये का फर्जी भुगतान, हरी शंकर के खाते में 3 लाख रुपये का फर्जी भुगतान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, और आपूर्ति सरकारी धन की बरामदगी की भी मांग की गई है।

# हल्की बारिश में ही डूबा रूपईडीहा हाईवे, जलभराव से बढ़ी मुश्किलें

## – राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित रूपईडीहा कस्बे में नेशनल हाईवे–927 पर जलभराव की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। हाईवे निर्माण के बाद से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में ही सड़कें पानी से भर



जा रही हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद ही कस्बे के नेपालगंज से रूपईडीहा जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पर जलभराव हो गया, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। कई स्थानों पर हालात ऐसे बन गए कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नाले तो बनाए गए हैं, लेकिन उनकी नियमित सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। जलभराव के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों और स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। कई बार लोगों को बुजुर्गों को कंधे पर उठाकर सड़क पार करानी पड़ती है। व्यापारियों और राहगीरों को भी इस समस्या के कारण आर्थिक व दैनिक कार्यों में बाधा झेलनी पड़ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कस्बावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की नियमित सफाई कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि हर बारिश में होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके। कई बार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने का बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी मौन है कोई संज्ञान नहींले रहा है।

# ईंट-भट्ठा मालिक के उत्पीड़न से टूटे मजदूर ने की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कोतवाली नानपारा क्षेत्र से एक हृदयविदारक मामला सामने आया है, जहां दबंग ईंट–भट्ठा मालिक की कथित गुंडई, लगातार मानसिक उत्पीड़न और पुलिस की अनदेखी से तंग आकर एक मजदूर ठेकेदार ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मृतक की पहचान विनोद कुमार पुत्र दिलेराम, निवासी ग्राम गोकुलपुर दाखिल चंदनपुर, थाना कोतवाली नानपारा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। बताया गया कि विनोद कुमार मजदूरों की ठेकेदारी का कार्य करता था और बाराबंकी जनपद स्थित दास ब्रिक फील्ड, बरेठी रोड गौरिया में ईंट निकासी का ठेका लिए हुए था। परिजनों के अनुसार विनोद कुमार ने कई मजदूरों को लगाकर भट्ठे पर काम कराया, लेकिन भुगतान के नाम पर भट्ठा मालिक लगातार टालमटोल करता रहा। आरोप है कि मजदूरी के करीब 1 लाख 43 हजार 570 रुपये बकाया होने के कारण मजदूरों का दबाव विनोद पर बढ़ता गया, जिससे वह कर्ज के बोझ तले दबता चला गया। इसी बीच भट्ठा मालिक द्वारा कथित रूप से धमकी, गाली–गलौज और मानसिक उत्पीड़न भी किया जा रहा था। परिजनों का कहना है कि मृतक ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी को प्रार्थना पत्र दिया था। साथ ही आईजीआरएस के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन दबंग भट्ठा मालिक के प्रभाव में पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि बिना निष्पक्ष जांच के आईजीआरएस में प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया, जिससे विनोद कुमार पूरी तरह टूट गया। परिवार का साफ आरोप है कि यदि समय रहते पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई की जाती और बकाया मजदूरी दिलाई जाती, तो विनोद कुमार आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाता। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी और बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों में भी गहरा रोष देखा जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी ईंट–भट्ठा मालिक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो तथा पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति की मौत का नहीं, बल्कि मजदूरों के शोषण और व्यवस्था की संवेदनहीनता का प्रतीक है, जिस पर सख्त कदम उठाया जाना जरूरी है।

# हत्या के मामले में फरार अभियुक्तदबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। हत्या के एक गंभीर मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरतार कर लिया है, जिससे क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधि ाकारी मिहीपुरवा प्रदुम्मन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मुर्तिहा रामनरेश यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त को धर दबोचा। थाना कोतवाली मुर्तिहा पर पंजी.त मु0अ0सं0 065/2026, धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त दीपक कुमार शर्मा पुत्र स्व. कपिल देव शर्मा, निवासी ग्राम मच्छरमरवा, दा0 गौरा पिपरा, थाना कोतवाली मुर्तिहा को रजनवा बॉर्डर से गिरतार किया गया। गिरतारी 04 मई को प्रातः 08.15 बजे की गई। पुलिस के अनुसार अभियुक्त द्वारा अंकित मिश्रा पुत्र स्व. रामसजीवन मिश्रा, निवासी सेमरहना, दा0 गौरा पिपरा, थाना कोतवाली मुर्तिहा के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसकी तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक रामनरेश यादव कोतवाली मुर्तिहा वरिष्ठ उप निरीक्षक गगन कुमार दीक्षित हेड कांस्टेबल प्रकाश सिंह आदि ने गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा–2026 में जनपद में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त कराने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, ज्वाईण्ट मजिस्ट्रेट उप जिलाधि ाकारी सदर आलोक प्रसाद, डीआईओएस सर्वदानन्द के साथ विभिन्न विद्यालयों के 36 मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति–पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माध यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की हाईस्कूल परीक्षा–2026 में बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इ.का. की सजल श्रीवास्तव को प्रथम, पं. त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला इ.का. मटेरा कला की अनामिका वर्मा व अब्दुल कादिर इ.का. अलियाबुल–बुल की जरीना अनवार को द्वितीय, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा के सूर्याश शुक्ला व मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के सुधीर कुमार यादव को तृतीय, आर.डी. बाजपेयी इ.का. महसी की श्रेया बाजपेयी को चतुर्थ, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के विनायक शुक्ला व महिला इ. का. गोकुलपुर की रिद्धिमा सिंह को पंचम, मौलवी अयाज अहमद इ.का. भौखारामाफी के सदफ खान को छठा, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के आकाश पाल, राम प्रकाश इ.का. सुहेलवा की आस्था मौर्या व कल्लूराम बाके बिहारी उ.मा. वि. बदरखा के किशन शुक्ला को सातंवा, सर्वोदय इ.का. मिहींपुरवा की शिवानी, सिटी मा. इ.का. बहराइच की के अमित कुमार मौर्या, के.बी. इ. का. पयागपुर की साइका, मॉ पार्वती देवी इ.का. बरदहा के शिवम वर्मा व राजकीय हाईस्कूल सेमरौना के अनुराग द्विवेदी को आठंवा, सिटी मा. इ.का. बहराइच




के आशुतोष मिश्रा, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के प्रथम यज्ञसैनी, विजय उ.मा.वि. कन्छर की अनामिका व माधवराज चौरसिया उ.मा.वि. बड़ागांव के अखिलेन्द्र प्रताप चौरसिया को नवां तथा आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इ.का. रूपईडीहा की मिष्ठी अग्रवाल को दसवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति–पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज की इण्टर मीडिएट परीक्षा–2026 में सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के हरीकेष शर्मा को प्रथम, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी के आदेश श्रीवास्तव व किसान इ. का. कालेज लहडौरा के अरमान अली को द्वितीय, रामबिहारी शुक्ल इ.का. बनकटा के विकास यादव को तृतीय, चौधरी सियाराम इ.का. फखरपुर के सुमित श्रीवास्तव व आर.पी.एस. मार्डन पब्लिक इ.का. जरवलरोड के रतन को चतुर्थ, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इ.का. कैलाश नगर के धनीराम यादव व सम्राट अशोक महान के.पी. इ.का. पुरैना बाजार की सिद्धी शुक्ला को पंचम, बलभद्र सिंह इ.का. ऐैरिया की इरम सिद्दीकी व महिमा महिला इ.का. गोकुलपुर की आनिया शाह को छंठा, सरस्वती विद्या मन्दिर इ.का. माधवपुरी की प्राची को सांतवा, ठा. भगवती सिंह इ.का. जरवलरोड के अमन वर्मा को आठंवा, श्रीरामजानकी डॉ राम मनोहर लोहिया इ.का. गड़वा नौतला के पीयूष श्रीवास्तव को नवां तथा रामलली ई.का. सिसई हैदर की आराध्या श्रीवास्तव को दसवां स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति–पत्र, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम व सीडीओ व ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्तागण ने कहा कि आज के कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। सभी छात्र–छात्राओं को सीख दी गयी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निध ाारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। वक्तागण ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। समारोह के दौरान मेध ाावी छात्र छात्रों द्वारा भी अपने अनुभव साझा किये गये। डीआईओएस ने बताया कि उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा–2026 अन्तर्गत हाईस्कूल में पंजी.त 38107 विद्यार्थियों के सापेक्ष 35293 परीक्षा में शामिल हुए जिसमें सफल विद्यार्थियों की संख्या 31251 तथा इण्टरमीडिएट में पंजी.त 29001 विद्यार्थियों के सापेक्ष 27109 परीक्षा में शामिल हुए जिसमें सफल विद्यार्थियों की संख्या 22240 है। हाईस्कूल परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 88.55 तथा इण्टरमीडिएट में सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 82.04 रहा है। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक–शिक्षिकाएं, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## - 08 आरोपी गिरफ्तार, 14 बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना सैफई पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 08 अभियुक्तों को गिरतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 चोरी की मोटरसाइकिलें, एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस व दो चाकू बरामद किए हैं। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन व पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधि ाकारी सैफई के नेतृत्व में की गई। 03/04 मई की रात रकूईया नहर पुल पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर 05 अभियुक्तों को मौके से तथा 03 अन्य को नगला चौनसुख के जंगल क्षेत्र से गिरतार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे पीजीआई सैफई व आसपास के क्षेत्रों में रेकी कर समूह बनाकर बाइक चोरी करते थे। उन्होंने 24 व 27 अप्रैल को पीजीआई परिसर से मोटरसाइकिल चोरी करना भी स्वीकार किया है। गिरतार अभियुक्त व उनका विवरण गिरतार सभी आठ अभियुक्त जनपद मैनपुरी के निवासी हैं जिसमें विनय निवासी राजपुर, थाना किशनी, महकेन्द्र उर्फ गोलू निवासी नगरिया, थाना कुर्रा, संजय उर्फ संजू निवासी भाती, थाना कुर्रा, पवन निवासी बम्हनीपुर, थाना किशनी, सौरभ उर्फ शीलू निवासी धरमनीर, थाना बेवर, निखिल कुमार निवासी कुंडी, थाना बेवर, ध ार्मेन्द्र उर्फ लुक्का निवासी कुंडी, थाना बेवर व राहुल शाक्य निवासी नंगला मनी, थाना किशनी शामिल है। इस मामले में सभी 08 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सैफई में अलग–अलग ध ााराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। साथ ही पूर्व में दर्ज वाहन चोरी के मामलों (मु0अ0सं 76/2026 व 81/26) में भी इनकी संलिप्तता पाई गई है। अभियुक्त पवन पुत्र कामता प्रसाद के खिलाफ जनपद मैनपुरी के थाना एलाऊ में वर्ष 2025 का एक आपराधिक मुकदमा पहले से दर्ज है। अन्य अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पंजी.त मुकदमे थाना सैफई में बीएनएस व आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह राठी प्रभारी थाना सैफई, उपनिरीक्षक हेमन्त कुमार, उपनिरीक्षक स्वदेश कुमार, उपनिरीक्षक संजय दूबे, कांस्टेबल हिमांशु, बबलू कुमार, अंजली कुमार, परविन्द कुमार, सौरभ वर्मा व महेश कुमार शामिल रहे। पुलिस द्वारा बरामद अन्य मोटरसाइकिलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और गिरोह के नेटवर्क की भी जांच जारी है।

# पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का हुआ वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की खरीफ 2025 एवं रबी 2025–26 मौसम की क्षतिपूर्ति वितरण का कार्यक्रम सरिता अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बिरनो राजन सिंह भी उपस्थित थे। इस योजना अंतर्गत जनपद के 6325 .षकों को कुल 3 करोड़ 87 लाख 13831 रुपए का भुगतान किया गया है। इसके पूर्व इस योजना में अंनन्तिम भुगतान के रूप में किसानों को 25: तत्काल भुगतान के रूप में तीन करोड़ 12 लाख 95 हजार 240 रुपए का भुगतान किया गया था जिसकी अवशेष धनराशि ग्राम पंचायत में क्रॉप कटिंग परिणामों में आए अंतर के आध ाार पर आज 74 लाख 40810 रुपए का भुगतान आज किया गया। इस मौके पर किसानों को सरिता अग्रवाल एवं राजन सिंह द्वारा डमी चेक देकर किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित एक प्रगतिशील किसान तेज प्रताप सिंह ने अपने अनुभव किसानों के साथ साझा करते हुए बताया कि पिछले खरीफ मौसम में धान की फसल हेतु 567 रुपए की प्रीमियम धनराशि की कटौती उनके बैंक खाते से की गई थी। इस संबंध में जब उन्होंने बैंक मैनेजर से कड़ा विरोध दर्ज कराया तो बैंक मैनेजर द्वारा 567 रुपए उन्हें वापस कर दिए गए। किस्मत का खेल देखिए कि उनकी धान की फसल मोंथा चक्रवात में बर्बाद हो गई। जब उन्हें क्षतिपूर्ति के रूप में बीस हजार रुपए प्राप्त हुए तो उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ




और उन्होंने जाकर बैंक मैनेजर से क्षमा मांगी और 567 रुपए उन्हें वापस किया। ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह ने बताया कि उन्होंने 12 बीघा में धान की खेती की थी किंतु अपनी फसलों का बीमा नहीं कराया था। चक्रवात के कारण उनकी फसलों को भी बहुत नुकसान हुआ था। आज उन्हें इस बात का अफसोस हो रहा है कि यदि उन्होंने बीमा कराया होता तो उन्हें भी क्षतिपूर्ति के रूप में कुछ धनराशि मिल जाती जिससे उनको हुए नुकसान की कुछ भरपाई संभव हो सकती थी। जिन किसानों को डमी चेक देकर सम्मानित किया गया उसमें नीरज कुमार राय को 74321 रुपए, श्याम बिहारी सिंह यादव को 36765 रुपए, चंद्रमणि सिंह को 43458 रुपए, विमला देवी को 38714 रुपए, सुनील कुमार सिंह को 40594 रुपए, रघुनाथ सिंह यादव को 31348 रुपए, हरि नारायण राय को 36420 रुपए, भोलानाथ राय को 38978 रुपए, राधेश्याम राय को 40205 रुपए और सरजू राम को 11474 रुपए का डमी चेक देकर सम्मानित किया गया।

# बिजली कनेक्शन की मांग तेज, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के बड़ोखर गांव के नई बस्ती में बिजली कनेक्शन न होने की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित डीएम को प्रार्थना पत्र देकर



जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, गांव के कई घर आज भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर काफी असर पड़ रहा है। बच्चे अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली कनेक्शन की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खंभे और लाइन की व्यवस्था होने के बावजूद कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान कराया जाए। ज्ञापन देने के दौरान मोहित संदीप अवधेश शिव अवतार संतोष बच्चू रमेश सहित मौके पर कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

# स्टोन पीचिंग बहने से नदी के किनारे बसे ग्रामीण महसूस कर रहे खतरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जसपुरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत लसडा में नदी के किनारे सिंचाई विभाग एवं जल संस्थान विभाग के द्वारा यह कार्य किया गया था लेकिन यह कार्य एक साल भी नहीं साका और बाढ़ में बह गया। यह कार्य योजना लगभग 33 करोड रुपए की थी। यह योजना कई ग्राम पंचायत में नदी के किनारे लासडा बसध




ारी और कूदाडेरा इन ग्राम पंचायत की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य किया गया था लेकिन इन दोनों विभागों के द्वारा इस कार्य योजना को जमीन पर सही तरीके से नहीं किया गया जिससे आज इन सभी ग्राम पंचायत की ग्रामवासियों को विशेष खतरा बना हुआ है। आने वाले बाढ़ के समय भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। आज इसी घटना को संज्ञान में लेते हुए गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति अपनी टीम के साथ नदी के किनारे बने हुए स्टोन पीचिंग का कार्य देखा गया और देखकर ऐसा लगता है। कार्य सिर्फ एक दिखावे के लिए किया गया है। वहां पर ऐसे पत्थर का प्रयोग किया गया है। जहां पर यह पत्थर नाले में प्रयोग किया जाता है जैसा की यह कार्य योजना माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीन पर कार्य करने के लिए फंड दिया जाता है लेकिन यहां की जिम्मेदार अधिकारी इस फंड का गलत तरीके से प्रयोग किया जिसके वजह से आज इन सभी ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को विशेष खतरा बना हुआ है। गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने मांग की है कि इन दोनों विभाग के खिलाफ जांच कर कर और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ भी कार्रवाई करें जिससे दोबारा ऐसी बड़ी भ्रष्टाचार जिले पर न हो।

# तीनों राज्यों में भाजपा की जीत पर जश्न

## – शास्त्री चौराहे पर ढोल–नगाड़ों संग आतिशबाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के शास्त्री चौराहे पर जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान ढोल–नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की गई और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई। मीडिया से बातचीत में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह जीत सबका साथ, सबका विकास की नीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों पर जनता ने भरोसा जताया है। पश्चिम बंगाल में जनता ने परिवर्तन का निर्णय लिया है और अब प्रदेश विकास व सुशासन की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ भाजपा सरकार बनने से पश्चिम बंगाल विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा और लंबे समय से चले आ रहे तुष्टिकरण, अत्याचार व भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, डॉ. रमाकांत शर्मा, जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाहा, विनीता गुप्ता, अशोक चौबे, .पानारायण तिवारी, बासु चौधरी, यशवर्धन चौधरी, अमित तिवारी, अनूप जाटव, संजीव भदौरिया, आयुष राज, राजकमल यादव, सुरेश राजपूत, अभिषेक मिश्रा, मधु तोमर, संजू बाबू शाक्य, जितेंद्र पाल, प्रीति दुबे, राजकुमार वर्मा, समीर सक्सेना, रोहित शाक्य, अंकित सैनी, विमलेश शाक्य, सनी शर्मा, कमलेश कठेरिया, पूनम पाण्डेय, नीतू नारायण मिश्रा, मनीषा शुक्ला, सोनिया चक, पूनम तिवारी, मोहिनी राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोदी नेतृत्व पर बंगाल की जनता ने जताया भरोसा : गिरीश शुक्ला

## - रणनीति और नेतृत्व ने दिलाई ऐतिहासिक विजय
## - अमेठी में जश्न का माहौल शुकुल बाजार अंबेडकर चौराहे पर बांटी मिठाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। देश के हालिया विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर अपनी मजबूत राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन करते हुए कई राज्यों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। खासतौर पर पश्चिम बंगाल का चुनाव पूरे देश के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां भाजपा ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराते हुए बड़ी जीत हासिल की। इस विजय में जनपद का भी महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। जहां के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बंगाल में जाकर सक्रिय भूमिका निभाई। बंगाल चुनाव में भाजपा की सफलता के पीछे कई कारक रहे, जिनमें संगठन की मजबूत रणनीति और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत प्रमुख रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रणनीति और कार्यशैली ने चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में मोड़ने में अहम भूमिका निभाई। संघ और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव और घर–घर जाकर लोगों तक अपनी बात पहुंचाई, जिससे जनता के बीच पार्टी के प्रति विश्वास और समर्थन





बढ़ा।इस चुनाव में अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति इरानी ने स्टार प्रचारक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनसभाएं कीं और लोगों से सीधो संवाद स्थापित किया। जहां–जहां उन्होंने प्रचार किया, वहां भाजपा को व्यापक समर्थन मिला। उनकी सक्रियता और जनसंपर्क ने पार्टी को मजबूती प्रदान की और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। वहीं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता ने एक बार फिर भरोसा जताया। बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया। प्रधानमंत्री मोदी के विजन और नीतियों को समर्थन देते हुए लोगों ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि वे राज्य को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं जिला मंत्री आशा वाजपेई सहित कई स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी बंगाल में जाकर प्रचार किया था। उन्होंने घर–घर संपर्क अभियान चलाकर भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया था। इस सामूहिक प्रयास का ही परिणाम रहा कि भाजपा को बंगाल में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ। भाजपा की इस जीत पर अमेठी में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। शुकुल बाजार के अंबेडकर चौराहे पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मोदी, योगी, स्मृति इरानी जिंदाबाद के गगन भेदी जयकारों से पूरा शुकुल बाजार गूंज उठा। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं और एक–दूसरे को बधाई दी गई। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए खुशी जाहिर की और इसे लोकतंत्र की जीत बताया। वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर कहा कि बंगाल की जनता ने बदलाव को स्वीकार करते हुए विकास के मार्ग को चुना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी तरह आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी भाजपा लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जनता अब स्थिर और विकासोन्मुखी सरकार चाहती है, और यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा को लगातार समर्थन मिल रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा, नेतृत्व की प्रभावशीलता और कार्यकर्ताओं की मेहनत मिलकर बड़े से बड़े चुनावी लक्ष्य को हासिल कर सकती है। बंगाल की यह जीत न केवल राजनीतिक .ष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देश की बदलती जनभावनाओं का भी संकेत देती है, जहां विकास और सुशासन को सर्वोपरि माना जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी के मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, पूर्व मंडल महामंत्री दिनेश कौशल, भाजपा नेता अरुण कुमार शुक्ला, विनय चौरसिया, संजय कौशल, सत्यम शुक्ला, रजत शुक्ला, मुकेश शुक्ला सहित सैकड़ो भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज हवाओं संग झमाझम बारिश से बदला मौसम, किसानों में बढ़ी चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं के साथ झमाझम वर्षा दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम के मिजाज से जहां लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं तेज हवाओं के कारण सर्दी और गलन में भी इजाफा देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हुई इस बेमौसम बारिश को लेकर किसानों की चिंताएं सामने आने लगी हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मानसून समय से पहले दस्तक देता प्रतीत हो रहा है। .षि कार्य हेतु पड़ी खाली जमीन में पर्याप्त नमी आने के कारण किसान शीघ्र ही जुताई शुरू करने की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों के अनुसार धूप निकलने के बाद खेतों में उगी घास जल जाएगी, जिससे धान की खेती बेहतर ढंग से की जा सकेगी। हालांकि किसानों का यह भी कहना है कि सामान्यतः मानसून की शुरुआत 15 जून के बाद मानी जाती है, लेकिन इस बार समय से पहले हो रही बारिश भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। .षक भोला खान, भुलाई, महेश, राजेश, मोशिम सहित अन्य किसानों का कहना है कि जब फसलों को वास्तव में पानी की आवश्यकता होगी, उस समय बारिश न होने की आशंका सता रही है। यदि यही स्थिति रही तो किसानी कार्य प्रभावित हो सकता है। किसानों का मानना है कि बेमौसम वर्षा खेती के लिए दोधारी तलवार साबित हो सकती है.एक ओर जुताई और प्रारंभिक तैयारी में सहूलियत, तो दूसरी ओर समय पर पानी न मिलने का डर। फिलहाल क्षेत्र में मौसम के इस अचानक बदलाव ने जनजीवन के साथ–साथ .षि भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं के साथ झमाझम वर्षा दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम के मिजाज से जहां लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं तेज हवाओं के कारण सर्दी और गलन में भी इजाफा देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हुई इस बेमौसम बारिश को लेकर किसानों की चिंताएं सामने आने लगी हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मानसून समय से पहले दस्तक देता प्रतीत हो रहा है। .षि कार्य हेतु पड़ी खाली जमीन में पर्याप्त नमी आने के कारण किसान शीघ्र ही जुताई शुरू करने की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों के अनुसार धूप निकलने के बाद खेतों में उगी घास जल जाएगी, जिससे धान की खेती बेहतर ढंग से की जा सकेगी। हालांकि किसानों का यह भी कहना है कि सामान्यतः मानसून की शुरुआत 15 जून के बाद मानी जाती है, लेकिन इस बार समय से पहले हो रही बारिश भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। .षक भोला खान, भुलाई, महेश, राजेश, मोशिम सहित अन्य किसानों का कहना है कि जब फसलों को वास्तव में पानी की आवश्यकता होगी, उस समय बारिश न होने की आशंका सता रही है। यदि यही स्थिति रही तो किसानी कार्य प्रभावित हो सकता है। किसानों का मानना है कि बेमौसम वर्षा खेती के लिए दोधारी तलवार साबित हो सकती है.एक ओर जुताई और प्रारंभिक तैयारी में सहूलियत, तो दूसरी ओर समय पर पानी न मिलने का डर। फिलहाल क्षेत्र में मौसम के इस अचानक बदलाव ने जनजीवन के साथ–साथ .षि भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने किया शर्बत वितरण

## - प्रेस की स्वतंत्रता पत्रकारों का विशेष अधिकार व लोकतंत्र की जीवन-शक्ति: एमडी शर्मा

न्यूज वाणी ब्यूरो

कानपुर। भारत का सबसे लोकप्रिय राष्ट्रीय संगठन नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रेस की स्वतंत्रता, पत्रकारों को पत्रकारिता करते समय आ रही चुनौतियों व समाधान हेतु एवं आगामी कार्यकारिणी शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर प्रादेशिक कार्यालय काकादेव कानपुर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। साथ में कार्यालय के बाहर रोड पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था। जो 1991 में यूनेस्को के 26 वें महासभा सम्मेलन में विंडहोक घोषणा में पहली बार वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र, बहुलवादी और निर्बाध प्रेस की आवश्यकता को मजबूती से रेखांकित किया गया, जिससे पत्रकारिता की स्वतंत्रता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केंद्रित हुई। इसे औपचारिक मान्यता प्रदान करते हुए प्रत्येक वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा हुई। यह आंदोलन औपचारिक नहीं था, बल्कि उन साहसी पत्रकारों के संघर्ष और संकल्प की गाथा थी, जिन्होंने अत्याचार, राजनीतिक दबाव के बावजूद भी सत्य को निर्भीकता से दिखाने का साहस रखा। यही स्वतंत्र प्रेस लोकतांत्रिक समाज की रीढ़ होती है और इसके बिना पारदर्शी, न्यायपूर्ण एवं जागरूक समाज की कल्पना असंभव है। प्रेस की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि पत्रकार बिना किसी रोक–टोक के समाचार प्रकाशित कर सकें, बल्कि वह निर्भीक होकर निष्पक्ष तरीके से बिना किसी दबाव के सत्य को प्रकाशित कर सके। ऐसी स्वतंत्रता ही पत्रकारिता की उस नैतिक जिम्मेदारी को दर्शाती है। जिसमें तथ्य, निष्पक्षता और जनहित सर्वोपरि होता हैं। लोकतंत्र में प्रेस को चौथा स्तंभ इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के साथ संतुलन स्थापित करते हुए सत्ता पर नैतिक एवं सामाजिक नियंत्रण का कार्य करता है। प्रेस जनता और सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी है, जो दोनों को पारस्परिक रूप से उत्तरदायी बनाता है और संवाद की प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखता है। स्वतंत्र प्रेस के बिना लोकतंत्र केवल एक औपचारिक ढांचा है, जिसमें पारदर्शिता और जनसरोकार की वास्तविक आत्मा का अभाव







दिखाई देता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है। यहां प्रेस की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)() प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत प्रेस की स्वतंत्रता भी अंतर्निहित मानी जाती है। यह अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों के निर्बाध प्रवाह और सूचनाओं की पारदर्शिता को सुनिश्चित करता है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने अनेक ऐतिहासिक निर्णयों में यह स्पष्ट किया है कि प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है और किसी भी लोकतांत्रिक समाज के सुचारु संचालन के लिए प्रेस का संरक्षण अनिवार्य है। न्यायालय ने यह भी माना है कि इस स्वतंत्रता पर लगाए जाने वाले प्रतिबंध केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही उचित ठहराए जा सकते हैं। भारत में प्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक काल तक बढ़ चढ़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वतंत्र भारत में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को उजागर करने हेतु प्रेस सदैव जनहित के प्रश्नों पर सक्रिय और सजग रहा है। वर्तमान समय में पत्रकारिता का स्वरूप अधिक जटिल व चुनौतीपूर्ण हो गया है, जिससे संतुलित, निष्पक्ष और तथ्य आधारित रिपोर्टिंग की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। विश्व के विभिन्न हिस्सों में पत्रकार अपने कार्य के दौरान गंभीर जोखिमों का सामना करते हैं। धमकियां, हमले और कुछ मामलों में हत्या जैसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि सत्य की रिपोर्टिंग आज भी कई जगहों पर असुरक्षित है। जिसके लिए नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जैसे राष्ट्रीय संगठन पत्रकार सुरक्षा विधेयक कानून लागू कराने हेतु सरकार से बराबर मांग कर रहे हैं। जिसे लागू किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।बैठक में जहां आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई वहीं जिलाध्यक्ष अमित कुमार व महामंत्री सुरेश सविता ने सभी पत्रकारों को कड़ाई से निर्देशित किया कि सभी पत्रकार निष्पक्ष, निडर होकर पत्रकारिता करें संगठन आपके साथ है वहीं यदि पत्रकार अनैतिक व असंवैधानिक एवं गलत कार्य करता पाया जाता है तो उसे तत्काल संगठन से निष्काशित कर दिया जाएगा और उस पर विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा आयोजित की गई बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉक्टर बालवीर कपाड़िया, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, मंडल महामंत्री वीरेंद्र शर्मा, मंडल सलाहकार गोपाल गुप्ता, कानपूर जिला अध्यक्ष अमित कुमार, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सुरेश सविता, वरिष्ठ पत्रकार राज शर्मा व प्रदीप कुमार, जिला मंत्री सौरव वर्मा, जिला संगठन मंत्री सुहैल मंसूरी, जिला सूचना मंत्री अनिल सिंह चौहान, कानपुर देहात जिला महामंत्री अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष अर्पित सिंह, मनोज कुमार, जितेन्द्र, अनिल मिश्रा, अभिलाष शुक्ला, सूरज, वीरेन्द्र, तकरून अली सहित दर्जनों सदस्य व पदाधिकारी रहे उपस्थित।

# अजय राय के स्वास्थ्य लाभ हेतु हनुमान मंदिर में यज्ञ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने पर उनके शीघ्र स्वस्थ होने और दीर्घायु की कामना को लेकर महेरा चुंगी स्थित हनुमान मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित यजमान रहे, जबकि आयोजन प्रशांत तिवारी द्वारा कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू तिवारी, सतीश नागर, वाचस्पति द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी, अनिल चतुर्वेदी, अनिल तिवारी, सुनील तिवारी, मनोज चौधरी, शेरू चौधरी, सोनू मिश्रा, सिंटू यादव, रोहित दुबे, गजेंद्र दुबे, अमन तिवारी सहित कई कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# रुपईडीहा पत्रकार संघ की बैठक संपन्न

## - अध्यक्ष व पदाधिकारियों अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा निकट राम जानकी मंदिर जमुना रोड रुपईडीहा




पत्रकार संघ संरक्षक के निज निवास पर संघ की बैठक संपन्न हुई। ज्ञातव्य हो कि संघ के पदाधिकारी से हर माह नियमित बैठक करने पर जोर जोर दिया गया। रुपईडीहा पत्रकार संघ की यह महत्वपूर्ण बैठक संघ के संरक्षक शेर सिंह कसौधन के नए आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर संघ के पदाधिकारी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने प्रतिमाह आयोजित होने वाली बैठकों को नियमित रूप से संचालित करने पर जोर दिया। सदस्यों ने बताया कि किसी कारणवश पिछली बैठक काफी दिनों बाद आयोजित हो सकी थी, जिसके चलते सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में संघ की बैठकें समय बद्ध और नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। ताकि संगठन में निरंतर सक्रियता और नई ऊर्जा बनी रहे। इस बैठक में लोगों ने बढ़–चढ़कर कर भाग लिया। 90 प्रतिशत संगठन पदाधिकारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजक एवं संरक्षक शेर सिंह कसौधन का आभार व्यक्त करते हुए सभी पत्रकार साथियों से अपील की कि वे समाचार संकलन में समाज से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज का आईना बनना है। मजलूमों को न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। बैठक के समापन पर आयोजक शेर सिंह कसौधन ने सभी उपस्थित संगठन के पदाधिकारी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संघ के संघ के संरक्षक संजय कुमार गुप्ता, बनारस गिरि, अनिल कुमार वर्मा, सिद्धनाथ गुप्ता, महामंत्री मोहम्मद अरशद, उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, कोषाध्यक्ष अमित मधेसिया, प्रवक्ता रजा इमाम रिजवी, रईस अहमद, महबूब अहमद, रमेश सिंह, श्याम कुमार मिश्रा, रमेश मिश्रा, अजय मित्तल, संतोष शुक्ला, दीपेंद्र मिश्रा, मोहम्मद कौशर भीमसेन मिश्रा, इसी क्रम में नानपारा से उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य जिला उप सचिव विनोद कुशवाहा, संगठन मंत्री मोहसिन सहित दर्जनों सदस्य साथी सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# पैलानी-गलौली-सिंघनकला मार्ग पर तुर्री नाला पर बन रहा भव्य सेतु

## - 15.85 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी राह होगी आसान
## - लगभग 50 फीसदी काम पूरा, जून 2027 तक क्षेत्रवासियों को मिलेगा सुरक्षित सफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में जनपद विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षेत्र के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए यहां पर योगी सरकार पैलानी–गलौली से सिंघनकला लसड़ा मार्ग पर तुर्री नाला पर एक भव्य दीर्घ सेतु का निर्माण करा रही है। जिसका कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। यह सेतु लगभग 15 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है और इसके सुरक्षात्मक कार्यों ने अब धरातल पर आकार लेना शुरू कर दिया है। साकार हो रहा ग्रामीणों का सपना पैलानी और आसपास के दर्जनों गांवों के लिए यह पुल किसी वरदान से कम नहीं है। यहां पर वर्षों से ग्रामीण एक सुरक्षित मार्ग की आस लगाए बैठे थे। क्योंकि बारिश के दिनों में यहां पर नाला पर बने रपटे पर बाढ़ का पानी आ जाने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसके कारण यहां के आवागमन का संपर्क टूट जाता था। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियां ठप हो जाती थी। जिसको लेकर योगी सरकार ने ग्रामीणों की इस पीड़ा को समझा और भारी बजट स्वी.त कर इस परियोजना को हरी झंडी दी। लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण, गुणवत्ता पर विशेष जोर प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार पुल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब तक लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। परियोजना में न केवल पुल का निर्माण शामिल है बल्कि भविष्य में भू–कटाव को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षात्मक कार्य भी कराए जा रहे हैं। विभाग ने इस परियोजना को पूरा करने के लिए 30 जून 2027 का लक्ष्य निर्धारित किया है। जहां पूर्ववर्ती सरकारों में यहां के लोगों की मांगों को अनसुना किया गया। वहीं योगी सरकार ने यहां के



लोगों की समस्या को समझा और उनके क्षेत्र को बड़ी कनेक्टिविटी देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। इस सेतु के बनने से पैलानी–गलौली से सिंघनकला तक का सफर न केवल सुगम होगा बल्कि समय की भी भारी बचत होगी। कनेक्टिविटी से खुलेगा समृद्धि का द्वार आगे आने वाले समय मे क्षेत्र के विकास में यह पुल मील का पत्थर साबित होगा। जहां सुगम यातायात से किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी वहीं आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस व अन्य आवश्यक सेवाएं समय पर गांवों तक पहुंच सकेंगी। योगी सरकार का यह कदम बांदा जनपद के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# ट्रक वापस दिलाए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गोली गांव में वाहन गिरवी रखने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित रामकिशोर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि प्रतापगढ़ के एक ट्रक स्वामी ने उनकी गाड़ी को अस्थायी रूप से गिरवी रखकर पैसे लिए, लेकिन तय समय पर न तो रकम लौटाई और न ही वाहन वापस किया।

शिकायत के अनुसार आरोपी ने भरोसा जीतकर ट्रक अपने पास रखी और कुछ दिनों में पैसे लौटाने का वादा किया था। समय बीतने पर जब पीड़ित ने पैसे या वाहन की मांग की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में उसने कथित तौर पर ट्रक को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने अभद्रता की और धमकी भी दी। घटना से आहत होकर पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। न्याय की गुहार लगाई है।

# तहसील बार एसोसिएशन में युवा नेतृत्व की एंट्री, मनोज निर्विरोध अध्यक्ष तय

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। तहसील बार एसोसिएशन चुनाव में इस बार युवाओं का दबदबा साफ नजर आ रहा है। अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय सीमा तक केवल युवा अधिवक्ता मनोज सिंह कुशवाहा ने नामांकन किया, जिससे उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय माना जा रहा है। इस खबर से समर्थकों में खुशी का माहौल है। लंबे समय बाद बार एसोसिएशन की कमान युवा हाथों में जाती दिख रही है। अधिवक्ताओं का मानना है कि युवा नेतृत्व से संगठन में नई ऊर्जा, पारदर्शिता और सक्रियता आएगी, जिससे समस्याओं का बेहतर समाधान संभव होगा। वहीं महामंत्री पद के लिए मुकाबला रोचक हो गया है। इस पद पर संदीप वर्मा और सौरभ चौहान के बीच सीधी टक्कर होगी, जिससे चुनावी माहौल गर्म है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 11 मई को नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी होगी। इसके बाद 18 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जाएगा और उसी दिन 3 बजे मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। अन्य पदों पर अध्यक्ष और महामंत्री द्वारा मनोनयन किया जाएगा। इस बार का चुनाव युवा नेतृत्व और नए बदलावों की उम्मीद के चलते खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# निवेश की सही समझ ही बनाएगी सुरक्षित कल

## - केंद्रीय विद्यालय में गूंजा वित्तीय साक्षरता का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बदलते आर्थिक परिवेश में केवल कमाई ही नहीं, बल्कि कमाई को सही दिशा में लगाना भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्रीय विद्यालय में एक प्रभावशाली निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं अभिभावकों को वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित निवेश, बचत की आदत और भविष्य की आर्थिक योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आज की छोटी–छोटी बचत और समझदारी से किया गया निवेश ही आने वाले कल की आर्थिक मजबूती की नींव बनता है। यह जागरूकता सत्र सेबी के सहयोग से अवोक इंडिया फाउंडेषन द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य वीनू मिश्रा रहीं। अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय ज्ञान प्रत्येक परिवार की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। यदि अभिभावक स्वयं धन प्रबंधन, बचत और निवेश के प्रति जागरूक होंगे तो वे अपने बच्चों में भी छोटी उम्र से आर्थिक अनुशासन, जिम्मेदारी और भविष्य की योजना बनाने की आदत विकसित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सशक्त समाज के निर्माण के लिए वित्तीय शिक्षा का घर–घर पहुंचना जरूरी है। निवेशक जागरूकता प्रशिक्षक सुशील कुमार शुक्ला ने सरल और सहज भाषा में प्रतिभागियों को निवेश की बारीकियों से परिचित कराया। सत्र में फर्जी निवेश योजनाओं, लालच देने वाले अनधि.त ऑफरों और बिना जानकारी धन लगाने के खतरों पर भी विशेष चर्चा की गई। अंत में शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया।




# थरियांव पुलिस ने खोला बकरी चोरी गिरोह का राज

## - तीन शातिर दबोचे, चार बकरियां व ई-रिक्शा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र में घर के बाहर बंधी चार बकरियां चोरी होने की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया। पुलिस ने बकरी चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर



सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की चारों बकरियां व घटना में प्रयुक्त ई–रिक्शा बरामद किया है। गिरोह का एक अन्य सदस्य मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर निवासी रमेश पुत्र स्वर्गीय बुधराज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि एक और दो मई की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे अज्ञात चोर उनके घर के बाहर दरवाजे पर बंधी चार बकरियां चोरी कर ले गए। मामले में थाना थरियांव में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी थरियांव के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर रात परदेशी ढाबा एकारी से करीब पांच सौ मीटर आगे सर्विस रोड पर घेराबंदी की। इसी दौरान सिल्वर रंग का एक ई–रिक्शा आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देख उसमें सवार चार लोग वाहन छोड़कर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीन आरोपितों को दबोच लिया, जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपितों में अरबपुर निवासी यासीन पुत्र रसीद, अरबपुर मजरे पीरनपुर निवासी फैजान पुत्र स्वर्गीय खुर्शीद, पूर्वी पनी निवासी रियाज पुत्र नबाब शामिल हैं। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी की गई चारों बकरियां बरामद कर ली गईं। साथ ही चोरी में इस्तेमाल किया गया ई–रिक्शा भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

### दिन में करते थे रेकी, रात में करते थे चोरी

पुलिस पूछताछ में गिरतार आरोपितों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे अपने साथी निहाल पुत्र सैफी के साथ मिलकर गांव–गांव फेरी लगाने के बहाने दिन में घूमते थे और जिन घरों के बाहर बकरियां बंधी दिखती थीं, उन्हें चिन्हित कर लेते थे। रात होते ही ई–रिक्शा लेकर पहुंचते और बकरियां चोरी कर बाजार में बेच देते थे। इसी से गिरोह अपना खर्च चलाता था। पुलिस के मुताबिक बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

### आरोपितों पर पहले से भी दर्ज हैं मुकदमे

गिरफ्तार आरोपित यासीन पर पूर्व में भी कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। वहीं गिरोह के अन्य सदस्यों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाकर संक्रामक बीमारियों से बचें

## - रेडक्रास चेयरमैन ने 335 लोगों को वितरित की दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में सोमवार प्रातः पुलिस मॉडर्न स्कूल में चिकनपॉक्स बचाव एवं हीटवेव जागरूकता महाभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। भोजन करने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना आवश्यक है। साथ ही बढ़ते तापमान और हीटवेव से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय सिर पर टोपी



या सूती कपड़ा रखने, पर्याप्त मात्रा में पानी व तरल पदार्थों का सेवन करने, मसालेदार भोजन तथा बाजार में खुले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स संक्रमण से बचाव एवं संक्रमण की तीव्रता कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण भी किया। इस दौरान विद्यालय के 315 छात्र–छात्राओं समेत 20 शिक्षक एवं कर्मचारियों को दवा प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा शुक्ला ने जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर बच्चों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यापक प्रीतेश श्रीवास्तव, पिंकी श्रीवास्तव, सीमा अवस्थी, दीपिका तिवारी, अजय कुमार तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने खागा कोतवाली में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## - ससमय व निष्पक्ष निस्तारण के अधीनस्थों को निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार



को खागा कोतवाली पहुंचकर जनसुनवाई की और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक कलह व अन्य पुलिस संबंधी शिकायतों को लेकर पहुंचे फरियादियों ने अपनी–अपनी समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं। एसपी ने एक–एक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों व थाना स्टाफ को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से थाने के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ पारदर्शी कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। अभिलेखों के रखरखाव, साफ–सफाई एवं कार्यालयीय कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। एसपी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता बनाए रखते हुए प्रत्येक मामले में निष्पक्षता सर्वोपरि रखी जाए। उन्होंने थाना स्तर पर आने वाले फरियादियों से शालीन व्यवहार करने और उनकी बात गंभीरता से सुनने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान थाना प्रभारी सहित संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का कराएं निस्तारण

## - सचिव ने बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी नौ मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पूर्ण कालिक पलाश गांगुली, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रागती, उमेश शुक्ला, प्रदीप कुमार यादव, शकील अहमद, राममूर्त, अशोक कुमार सिंह, रतनाकर त्रिपाठी, धीरेन्द्र अवस्थी, सूरज कुमार, विजय द्विवेदी, राजेन्द्र, रोहित मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, बीडीओ तेलियानी व सहायक श्रमायुक्त लालाराम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सचिव पूर्ण कालिक पलाश गांगुली ने नगर पालिका से आए अधिकारियो को निर्देश दिया कि अपने स्तर से जन्म, मृत्यु पंजीयन, जलकर आदि से संबंधित प्री–लिटिगेशन वादो को अन्य सभी नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों, समस्त खंड विकास अधिकारी को यह निर्देश दें कि वह अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करें। बैंक की तरफ से उपस्थित लीड बैंक प्रबन्धक को ज्यादा से ज्यादा ऋण से संबंधित विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित कर नोटिसे ससमय प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया। समस्त तहसील से आये तहसीलदारो एवं नायब तहसीलदारों को राजस्व एवं चकबन्दी से संबंधित विवादो को अधिक से अधिक प्री–लिटिगेशन वादों का निस्तारण कराये जाने एवं आम जनमानस को लाभ



पहुंचाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने बताया कि पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारित किये जाने के लिए सराहना की। उन्होने अपेक्षा किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा जलकर, श्रम वाद, दूर संचार एवं इलेक्ट्रिसिटी आदि से संबंधित प्री ट्रायल वाद चिन्हित कर निस्तारण किए जाने पर जोर दिया।

# रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यषाला कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा छह मई को जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें क्वेस कार्प कंपनी द्वारा टाटा मोटर्स के लिये ट्रेनी पद हेतु इंटर/आईटीआई उर्तीण 18 वर्ष से 25 वर्ष पुरूष वेतन 16250 प्रतिमाह, प्राइम कनेक्ट सर्विसेज फतेहपुर द्वारा सेल्स एवं आफिस स्टाफ हेतु हाईस्कूल उर्तीण 18 वर्ष से 40 वर्ष, पुरुष/महिला वेतन 10000 प्रतिमाह एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी हेतु इंटर, स्नातक उर्तीण 18 वर्ष से 45 वर्ष, महिला वेतन 7000 प्रतिमाह हेतु कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि रोजगार मेला में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। कोई भी अभ्यर्थी जो इंटर, स्नातक, आई.टी.आई. डिप्लोमा उर्तीण, आयु 18 से 40 वर्ष तक हो उक्त तिथि को अपने पंजीयन प्रपत्र, स्वंय का बायोडाटा व समस्त प्रमाण पत्रो सहित कार्यालय परिसर में प्रातः 09.30 बजे तक अवश्य उपस्थित हो। अभ्यर्थी अधिक जानकारी विभाग के पोर्टल पर अथवा किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर व कार्यालय के दूरभाष 05180–298602 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# नए अधिवक्ताओं को दस हजार मासिक अनुदान की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। मानव हिन्द एकता समिति के अध्यक्ष अजहरउददीन ने नए अधिवक्ताओं को 10,000 प्रतिमाह अनुदान दिए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 या उसके बाद पंजी.त अधिवक्ता शुरुआती दौर में सीनियर के मार्गदर्शन में कार्य करते हैं, जहां उन्हें बहुत कम या कोई पारिश्रमिक नहीं मिल पाता, जिससे आर्थिक संकट बना रहता है। अजहरउददीन ने कहा कि नए अधिवक्ताओं के सामने आजीविका की गंभीर समस्या है, जिससे कई लोग मानसिक दबाव में आ जाते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नए अधिवक्ताओं को आर्थिक सहयोग देना आवश्यक है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर इस मांग को जरूरी बताते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। इस मौके पर संजीव कुमार, जफर, हिमांशु, रामकिशोर, स्माइल, शाहनवाज, सहवार हाजिक, रक्षा, आकांक्षा, प्रज्ञा, रिजा बानो, विनीता, संगीता, जीतू ठाकुर, कफील कुरेशी, गुलजार व शुमाइल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का होगा संचालन

## – पांच जून तक करें आवेदन, पात्रता निर्धारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग का संचालन राजकीय इण्टर कालेज फतेहपुर, सुखदेव इण्टर कालेज खागा, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खासमऊ खागा व दयानन्द इण्टर कालेज बिन्दकी के परिसर में किया जा रहा है। जिसमें यूपीएससी, यूपीपीएससी, एनडीए, सीडीएस, नीट एवं जेईई की कक्षायें संचालित हैं। उन्होने बताया कि प्रवेश पाने के लिए आवेदन 05 मई से आरंभ होंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05 जून निर्धारित है। जेईई, नीट के लिए कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र–छात्राएं पात्र होगें। यूपीएससी, यूपीपीएससी की परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अंतिम वर्ष अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं पात्र होगें। उन्होने बताया कि अभ्यर्थी के पास हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक के अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र एवं अंतिम शिक्षण संस्थान का चरित्र प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। परीक्षाओं हेतु इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, राजकीय पुस्तकालय (मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना पुस्तकालय), राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, महिला/बालिका फतेहपुर, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास खागा, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खासमऊ खागा व दयानन्द इण्टर कालेज बिन्दकी से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पांच जून को चार बजे तक पूर्ण करते हुये समस्त अभिलेखों सहित जमा कर सकते हैं। इस तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।



# आग लगा पुजारी ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहटा में 95 वर्षीय पुजारी ने मंदिर में ही आग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार सेमरहटा गांव निवासी स्व0 सुखदेव का पुत्र कंधई 12 वर्षो से गांव में स्थित मंदिर में पुजारी था। रविवार की रात लगभग 9 बजे मंदिर में ही पुजारी ने खुद को आग के हवाले कर दिया। चीख पुकार सुन आस–पास के लोगों ने पुजारी के शरीर में लगी आग को जल्दी–जल्दी बुझाया और उपचार के लिए मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर शर्मा हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का पुत्र पप्पू ने दी है।

# जहर खा युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम चकबहेरा में सोमवार की सुबह परिजनों की डाट से क्षुब्ध 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन शहर के ही निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज करा रहे है।

जानकारी के अनुसार चक बहेरा गांव निवासी श्याम लाल का पुत्र संदीप कुमार को सुबह परिजनो ने किसी बात को लेकर डांट डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परन्तु परिजन कानपुर न ले जाकर शहर के ही एक नर्सिग होम में भर्ती कर इलाज करा रहे है।

# मौलाना के हत्यारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

## - माब लिंचिंग के दोषियों पर पुलिस करें कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फ़तेहपुर। ट्रेन से बरेली जा रहे मौलाना तौसीफ रज़ा के साथ ट्रेन में अराजकतत्वों द्वारा माब लिंचिंग में ट्रेन से नीचे फेंक कर हत्या कर दिए जाने की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आल इंडिया मजलिसें इत्तेहादुल मुस्लेमीन एआईएमआईएम ने राज्यपाल



को ज्ञापन भेजकर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने व कार्रवाई किये जाने की मांग किया। बरेली से बिहार जा रहे मौलाना तौसीफ रज़ा के साथ माब लिंचिंग की घटना में हत्या किए जाने की घटना पर आल इंडिया मजलिसें इत्तेहादुल मुस्लेमीन एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मुहीउद्दीन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन भेजकर दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग किया। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में बताया कि मौलाना तौसीफ रज़ा बरेली से बिहार जा रहे थे। ट्रेन में उनके साथ अराजकतत्वो द्वारा मारपीट की गयी व उन्हें ट्रेन से नींचे धक्का देकर फेक दिया गया जिससे मौलाना तौसीफ रज़ा की मौत हो गयी। उन्होंने हत्यारों पर एफआईआर दर्ज करने गिरतारी किये जाने के साथ साथ घटना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग किया। इस मौके पर मो हसीब, मो अनवर, मो रऊफ जावेद, वसीम खान, मो साजिद, मोहिब खान, मो नसीम, अयान, एजाज़, अरबाज अहमद, इलियास आदि रहे।

# एक के बाद एक भिड़े कई वाहन, दो की मौत, चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात आठ बजे के करीब बिंदकी रोड रेलवे ओवरब्रिज उतरते समय बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक के बाद एक कार सहित चार वाहन टकरा गए। हादसा इतना भयावाह था कि शीशे के टुकड़े सौ मीटर तक बिखर गए और चीख पुकार मच गई। चौडगरा की ओर से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मारते हुए पहुर की ओर से आ रहे कंटेनर ट्रक सामने से आ रही स्लीपर बस से भिड़ गया। बस के पीछे चल रही ब्रेजा कार भी अनियंत्रित होकर पीछे से बस से टकरा गई। कार में बकेवर थाना क्षेत्र के बकेवर बुजुर्ग निवासी जय गोविंद वर्मा समेत पांच लोग सवार थे। कार सवार ने बताया कि हादसे में एक बच्चा घायल हुआ है, जिसे निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया है। टक्कर के बाद कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार में सवार लोग बच गए। अन्य घायलों बाइक सवार बकेवर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर मझिलेगांव निवासी विवेक उम्र 39 वर्ष पुत्र बाबू प्रसाद व उन्नाव के जयराजनगर निवासी अमन द्विवेदी उम्र 34 वर्ष पुत्र विष्णु द्विवेदी रिश्ते में चाचा भतीजे सहित बस सवार रंजीत सिंह उम्र 35 वर्ष पुत्र रमेश निवासी प्रेमनगर थाना सुल्तानपुर घोष, शोभित राज सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र गंगा सागर निवासी कल्याणपुर कानपुर, भारत उम्र 31 वर्ष पुत्र जालिम निवासी गोल कपड़िया ग्वालियर घायल हो गए। एंबुलेंस के माध्यम से बिंदकी समयुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहा गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद विवेक और अमन को रेफर कर जिला अस्पताल के लिए भेजा गया जहा उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने दो शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, परिजनों ने ली जान

## - भैंस चोरी की झूठी सूचना देकर बुला ली पुलिस, उपचार दौरान तोड़ा दम
## - प्रेमिका के पति समेत तीन गिरफ्तार, कई अन्य हिरासत में

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के मलवां थाना क्षेत्र में आधी रात प्रेम प्रसंग का ऐसा खूनी अंत हुआ जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। शादीशुदा प्रेमिका से मिलने उसके ससुराल पहुंचे युवक को



प्रेमिका के पति और परिजनों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद युवक की बेरहमी से पिटाई की गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने प्रेमिका के पति समेत तीन लोगों को गिरतार कर लिया है, जबकि अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कमलेश पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम भिटौरा थाना हुसैनगंज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कमलेश का तारा देवी नामक विवाहिता महिला से शादी से पहले से प्रेम संबंध था। तारा देवी की शादी मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बधैयापुर में हुई थी, लेकिन दोनों के बीच संपर्क लगातार बना हुआ था। बताया जाता है कि रविवार की मध्य रात्रि कमलेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान प्रेमिका के पति मानसिंह व घर के अन्य लोगों ने उसे देख लिया। युवक को पकड़कर पहले घर के भीतर बंधक बनाया गया और फिर लाठी–डंडों से जमकर पीटा गया। घटना को दूसरा रूप देने के लिए घरवालों ने यूपी–112 पर फोन कर सूचना दी कि एक युवक भैंस चोरी करते पकड़ा गया है और ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी है। सूचना मिलते ही यूपी–112 और थाना मलवां पुलिस मौके पर पहुंची। घायल हालत में पड़े युवक को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, लेकिन सुबह उपचार के दौरान उसकी सांसें थम गईं। शुरुआती सूचना भैंस चोरी की थी, लेकिन पुलिस की गहन पड़ताल में मामला प्रेम प्रसंग का निकला। पूछताछ में सामने आया कि कमलेश चोरी करने नहीं बल्कि अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान प्रेमिका के पति और परिजनों ने उसे पकड़कर पीट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई सुमेश ने थाना मलवां में तहरीर देकर प्रेमिका के पति और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य से पूछताछ

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमिका के पति मान सिंह समेत तीन लोगों को गिरतार कर लिया है। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाष राय ने बताया कि प्रथम .ष्टया मामला प्रेम प्रसंग में पकड़े जाने के बाद मारपीट से मौत का है। सभी पहलुओं पर जांच करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### इलाके में चर्चा का विषय बनी वारदात

आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की इस दर्दनाक मौत के बाद पूरे इलाके में तरह–तरह की चर्चाएं हैं। गांव में घटना को लेकर तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है, वहीं प्रेम प्रसंग का यह खौफनाक अंजाम लोगों को झकझोर गया है।

# बंगाल में भगवा बढ़ंत पर भाजपाइयों के बीच उत्साह

## - जिला कार्यालय में मिठाई-पटाखों संग मनाया जश्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बढ़ंत, असम व पांडुचेरी में शानदार प्रदर्शन की खबर मिलते ही जिले के भाजपाइयों में उत्साह की लहर दौड़ गई। जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय ढोल–नगाड़ों, आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण से गूंज उठा। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे का मुंह मीठा कर जीत का जश्न मनाया और इसे प्रधानमंत्री की सेवा, सुशासन व राष्ट्रवाद की नीतियों पर जनता की मुहर बताया। मतगणना के शुरुआती रुझानों में ही पश्चिम बंगाल में भाजपा को बढ़त मिलनी शुरू हुई तो जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं का जुटान तेज हो गया। दोपहर तक पूरा कार्यालय भारत माता की जय और मोदी–मोदी के नारों से गूंजने लगा। ढोल की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए, वहीं पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया गया। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि असम और पांडुचेरी के साथ पश्चिम बंगाल में मिली यह ऐतिहासिक बढ़त भाजपा की विचारधारा की स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जाति और तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, सुरक्षा और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, उस पर जनता लगातार विश्वास जता रही है। यह परिणाम उसी विश्वास का प्रतिफल है। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में एक्स (ट्विटर) पर राजनीति करने वाले समाजवादी नेताओं



के दावे आज धराशायी हो गए हैं। जो लोग पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की वापसी के दावे कर रहे थे, वे अब कहीं नजर नहीं आ रहे। इस मौके पर पंकज त्रिवेदी, सुशीला मौर्य, पुष्पराज पटेल, कुलदीप भदौरिया, पंकज त्रिपाठी, ओम मिश्रा, अरिमर्दन सिंह, रेखा सरोज, सुमित द्विवेदी, प्रदीप बाजपेई, छोटू महराज, प्रसून तिवारी, गौरव शुक्ला, प्रवीण कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, संजय लाला, वंदना द्विवेदी, रंजना द्विवेदी, रिंकू लोहारी, अमित तिवारी, जसवंत गिहार, राजेश सिंह, रवी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म कांड पर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

## - आरोपियों की गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में हुए सामूहिक दुष्कर्म कांड को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने कड़ा



विरोध जताते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। बसपा जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में घटना की निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि चौबीस अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंदखोर (हेदरगांव) पोस्ट कुसमा सोहन में सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई, जिसमें मुकदमा संख्या 115/2026 दर्ज किया गया है। पार्टी ने कहा कि इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल है। बसपा ने अपनी मांगों में कहा कि सभी नामजद आरोपियों की जल्द गिरतारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पार्टी ने पीड़िता को 25 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा देने व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त पीड़िता को सरकारी नौकरी देकर उसके भविष्य को सुरक्षित करने की बात कही गई है। ज्ञापन में आरोपियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों की जांच कराने, उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने तथा उन्हें संरक्षण देने वालों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही आरोपियों से जुड़े अवैध खनन और सार्वजनिक भूमि पर कब्जों की जांच कर उन्हें जब्त करने और क्षतिपूर्ति वसूलने की बात भी कही गई है। जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी ने प्रशासन से मांग किया कि मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में सूर्य पाल लोधी, गुरु प्रसाद एडवोकेट, मंडल प्रभारी प्रयागराज विवेक माधुरे, जिला उपाध्यक्ष महेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष गाज़ी अब्दुर रहमान गनी, मुस्तफा मंसूरी, चेतराम गौतम, जगदीश मौर्या, सर्वेश गौतम, गुलशन गौतम,, सतेंद्र गौतम, सतीश पासी, एमपी भास्कर मौजूद रहे।

# किसान चॉइस का भाजपा नेत्री ने किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के फतेहपुर–लखनऊ रोड स्थित नवनिर्मित किसान चॉइस का विधिवत शुभारंभ भाजपा नेत्री डॉ. विजय लक्ष्मी साहू ने फीता काटकर किया। गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में दुकान संचालक प्रेम साहू ने ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता की वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय लक्ष्मी साहू ने कहा कि आज के समय में ऐसे प्रतिष्ठानों की आवश्यकता है। जहां आम जनता को दैनिक उपयोग की सभी वस्तुएं एक ही स्थान पर आसानी से मिल सकें। दुकान संचालक प्रेम साहू ने बताया कि यहां सभी प्रकार



के कच्ची घानी के शुद्ध तेल, रिफाइंड तेल, राशन सामग्री, घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुएं ग्राहकों को वाजिब दामों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही दुकान में बिजली से संबंधित उपकरण जैसे कूलर, पंखे, बड़े बक्से, प्लास्टिक ड्रम, वायरिंग सामग्री एवं अन्य इलेक्ट्रिकल सामान भी उचित कीमत पर बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे। समारोह में कमलदीप, मनमोहन, प्रेम साहू भी उपस्थित रहे।

# आग लगा पुजारी ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहटा में 95 वर्षीय पुजारी ने मंदिर में ही आग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार सेमरहटा गांव निवासी स्व0 सुखदेव का पुत्र कंधई 12 वर्षो से गांव में स्थित मंदिर में पुजारी था। रविवार की रात लगभग 9 बजे मंदिर में ही पुजारी ने खुद को आग के हवाले कर दिया। चीख पुकार सुन आस–पास के लोगों ने पुजारी के शरीर में लगी आग को जल्दी–जल्दी बुझाया और उपचार के लिए मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर शर्मा हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का पुत्र पप्पू ने दी है।

# जहर खा युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम चकबहेरा में सोमवार की सुबह परिजनों की डाट से क्षुब्ध 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन शहर के ही निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज करा रहे है।

जानकारी के अनुसार चक बहेरा गांव निवासी श्याम लाल का पुत्र संदीप कुमार को सुबह परिजनो ने किसी बात को लेकर डांट डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परन्तु परिजन कानपुर न ले जाकर शहर के ही एक नर्सिग होम में भर्ती कर इलाज करा रहे है।

# एक के बाद एक भिड़े कई वाहन, दो की मौत, चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात आठ बजे के करीब बिंदकी रोड रेलवे ओवरब्रिज उतरते समय बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक के बाद एक कार सहित चार वाहन टकरा गए। हादसा इतना भयावाह था कि शीशे के टुकड़े सौ मीटर तक बिखर गए और चीख पुकार मच गई। चौडगरा की ओर से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मारते हुए पहुर की ओर से आ रहे कंटेनर ट्रक सामने से आ रही स्लीपर बस से भिड़ गया। बस के पीछे चल रही ब्रेजा कार भी अनियंत्रित होकर पीछे से बस से टकरा गई। कार में बकेवर थाना क्षेत्र के बकेवर बुजुर्ग निवासी जय गोविंद वर्मा समेत पांच लोग सवार थे। कार सवार ने बताया कि हादसे में एक बच्चा घायल हुआ है, जिसे निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया है। टक्कर के बाद कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार में सवार लोग बच गए। अन्य घायलों बाइक सवार बकेवर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर मझिलेगांव निवासी विवेक उम्र 39 वर्ष पुत्र बाबू प्रसाद व उन्नाव के जयराजनगर निवासी अमन द्विवेदी उम्र 34 वर्ष पुत्र विष्णु द्विवेदी रिश्ते में चाचा भतीजे सहित बस सवार रंजीत सिंह उम्र 35 वर्ष पुत्र रमेश निवासी प्रेमनगर थाना सुल्तानपुर घोष, शोभित राज सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र गंगा सागर निवासी कल्याणपुर कानपुर, भारत उम्र 31 वर्ष पुत्र जालिम निवासी गोल कपड़िया ग्वालियर घायल हो गए। एंबुलेंस के माध्यम से बिंदकी समयुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहा गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद विवेक और अमन को रेफर कर जिला अस्पताल के लिए भेजा गया जहा उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने दो शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# महाराणा प्रताप चौराहा में फाउंडेशन निर्माण की उठी मांग

## - अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जोनिहां चौराहा में बने महाराणा प्रताप चौराहा में फाउंडेशन निर्माण की मांग को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर की अगुवई में दिए गए ज्ञापन में बताया कि वर्श 2021 से लगातार कई बार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अधिशाषी अधिकारी व एसडीएम को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया।



काफी प्रयास के बाद 28 अप्रैल को नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से जोनिहा चौराहा में महाराणा प्रताप चौराहा में फाउंडेशन निर्माण कराए जाने की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद को एवं महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगवाने हेतु अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को नामित किया गया था किन्तु एक वर्ष बीत जाने के बाद अभी तक फाउंडेशन निर्माण नहीं कराया गया जबकि इस एक वर्ष के अन्दर कई बार अध्यक्ष व ईओ से मिलकर फाउंडेशन बनाने की मांग किया लेकिन अभी तक फाउंडेशन नहीं बनाया गया। डीएम ने बताया कि नगर पालिका की किसी भी चौराहे पर मूति लगाने का अधिकार नहीं है। श्री गौर ने बताया कि जो भी मूर्तियां नगर पालिका क्षेत्र में लगी हैं किसी की शासन से अनुमति नहीं ली गई है। इस पर डीएम ने कहा कि जो भी मूर्तियां नगर पालिका क्षेत्र में लगी हैं सभी अवैध हैं। बिना शासन की अनुमति के कोई भी प्रतिमा नहीं लग सकती। आगे जो महापुरुष की प्रतिमा लगेगी बिना शासन की अनुमति के नहीं लगेगी। ज्ञापन देने वालों में नागेन्द्र सिंह चौहान, संजय सिंह सेंगर, आरपी सिंह भदौरिया, रंजना सिंह चौहान, अमित सिंह परिहार, अनिल सिंह चंदेल, समरबीर सिंह चौहान, मोनू सिंह राजावत, ध्यानेंद्र सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, कामिनी सिंह चौहान, नीतू सिंह, राघवेंद्र सिंह चौहान, संजय सिंह कच्छवाह, बीनू सिंह, मुन्ना सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ विमल सिंह सेंगर, अर्जुन सिंह मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )